संताल एक्सप्रेस ई-पेपर
www.santalexpress.com
https://epaper.santalexpress.com पर पढ़े ......
04 दिसंबर 2024, बुधवार
पृष्ठ-08, मूल्य : 2 रुपये
दुमका, वर्ष- 07, अंक - 68
Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज
# संताल एक्सप्रेस

### बदायूं जामा मस्जिद में नीलकंठ मंदिर का दावा

**बदायूं ।** यूपी में संभल के बाद अब बदायूं की जामा मस्जिद चर्चा में है। हिंदू पक्ष ने दावा किया है कि जामा मस्जिद असल में नीलकंठ महादेव का मंदिर है। मंगलवार को जिला कोर्ट में हिंदू पक्ष ने सर्वे की मांग रखी तो मुस्लिम पक्ष ने जवाब दिया कि ये सिर्फ माहौल बिगाड़ने की कोशिश है। अगली सुनवाई 10 दिसंबर को होगी। उस दिन कोर्ट तय करेगा कि केस सुनने योग्य है या नहीं।

## अडानी और संभल मामले को लेकर संसद में विपक्ष ने किया प्रदर्शन

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** संसद के शीतकालीन सत्र के 6वें दिन मंगलवार को विपक्ष के सदस्यों ने अडानी और संभल हिंसा मामले को लेकर जबरदस्त प्रदर्शन किया है। सदन शुरू होने से पहले विपक्षी इंडिया ब्लॉक के नेताओं ने सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए पोस्टर दिखाए। विरोध प्रदर्शन में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी भी शामिल हुए। इसमें सपा और टीएमसी सदस्य शामिल नहीं हुए।



विपक्ष के प्रदर्शन और नारेबाजी के दौरान केंद्रीय संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, कि देश चलाने के लिए संसद चलना आवश्यक है। संसद की कार्यवाही यदि ठीक से नहीं चलेगी तो उसका सबसे ज्यादा असर देश पर दिखेगा। उन्होंने कहा कि बिना चर्चा के भी हम बिल पास कर सकते हैं, क्योंकि बहुमत में हैं। फिर भी ऐसा करना हमें ठीक नहीं लगता है। अडानी मामले पर रिजिजू ने कहा, कि यदि किसी अन्य देश में किसी भारतीय के खिलाफ कोर्ट केस होता है तो क्या सदन में उसकी चर्चा हमेशा इसी तरह जारी रहेगी? रिजिजू ने दावा किया कि विपक्ष के अनेक सांसद मानते हैं कि सदन को बाधित करना देश के हित में नहीं है। बावजूद इसके मंगलवार सुबह विपक्ष के अनेक सदस्यों ने अडानी और संभल मामले को लेकर सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

## पश्चिम बंगाल में आठ और देशभर में 28 निजी मेडिकल कॉलेजों पर ईडी का छापा

### मामला मेडिकल कॉलेज एडमिशन कोटा में भ्रष्टाचार का

**एजेंसी**

**कोलकाता ।** निजी मेडिकल कॉलेजों फर्जी दस्तावेजों के आधार पर एडमिशन और कथित भ्रष्टाचार को लेकर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को पूर्वी मेदिनीपुर के हल्दिया में मेडिकल कॉलेज एडमिशन कोटा भ्रष्टाचार मामले में तलाशी अभियान चलाया। ईडी हल्दिया, दुर्गापुर और कोलकाता समेत राज्य के कई निजी मेडिकल कॉलेजों पर छापेमारी कर रही है। पूरे देश में 28 जगहों पर एमबीबीएस एडमिशन में कोटा भ्रष्टाचार की खबरें आई हैं। प्रत्येक छापामारी दल को केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के जवानों द्वारा सुरक्षा



प्रदान की गई। कथित तौर पर, इस मामले में पैसे के बदले फर्जी प्रमाण जमा किए गए और मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश दिए गए। इस साल सितंबर में सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने इस मामले पर चिंता जताई थी।

सूत्रों ने बताया कि ईडी ने बिधाननगर सिटी पुलिस के तहत इलेक्ट्रॉनिक कॉम्प्लेक्स पुलिस स्टेशन द्वारा दर्ज की गई शिकायत के आधार पर जांच शुरू की थी। एनआरआई कोटे के तहत मेडिकल प्रवेश में अनियमितताओं को सबसे पहले सितंबर में पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने उजागर किया था। शुभेंदु अधिकारी ने आरोप लगाया कि ऐसे कई प्रवेशों में भारी नकदी लेनदेन के बदले फर्जी प्रमाण पत्र तैयार करना शामिल था। उन्होंने राज्य स्वास्थ्य विभाग से जुड़े कुछ वरिष्ठ अधिकारियों पर भी अनियमितताओं में शामिल होने का आरोप लगाया था। मेडिकल दाखिलों में करोड़ों रुपये की अनियमितताएं मुख्य रूप से राज्य में संचालित कुछ निजी मेडिकल कॉलेजों में हुई हैं।

### संक्षिप्त खबरें

#### अर्जुन मुंडा के बड़े भाई भीमसेन मुंडा का निधन

**रांची ।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के बड़े भाई भीमसेन मुंडा का मंगलवार को निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे। इस संबंध में अर्जुन मुंडा ने सोशल मीडिया एक्स पर दुख जताते हुए जानकारी दी है। मुंडा ने कहा कि उनके बड़े भाई भीमसेन मुंडा का अंतिम संस्कार पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) स्वर्णरेखा घाट मानगो में होगा। इससे पहले घोड़ाबांधा, जमशेदपुर स्थित घर से सुबह 11.30 बजे अंतिम यात्रा निकलेगी।

#### ताजमहल को बम से उड़ाने की धमकी

**आगरा ।** ताजमहल को बम से उड़ाने की धमकी मिलने से सनसनी फैल गई। ई-मेल प्राप्त होने के बाद ही सुरक्षा एजेंसी अलर्ट हो गईं। ताज की सुरक्षा व्यवस्था को और भी मजबूत कर दिया गया। इसके साथ ही यहां बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड भी पहुंच गया।

### 21 दिसंबर को जैसलमेर में होगी जीएसटी काउंसिल की बैठक

## तंबाकू-सिगरेट पर जीएसटी 28 प्रतिशत से बढ़कर 35 प्रतिशत होने की उम्मीद

### सोडा ड्रिंक-कोल्ड ड्रिंक और बेवरेजेज पर जीएसटी को 35 फीसदी तक बढ़ाए जाने की सिफारिश

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** नए साल में एक बार फिर आम जनता को महंगाई का झटका लग सकता है। जी हां, रिपोर्ट्स के मुताबिक, नए साल में सिगरेट, तंबाकू और कोल्ड ड्रिंक्स महंगी हो सकती हैं। और इसकी वजह है जीएसटी दरों में होने वाली बढ़ोत्तरी। बेवरेजेज, तंबाकू से जुड़े उत्पाद और सिगरेट पर जीएसटी दर को बढ़ाकर 35 फीसदी तक किया जा सकता है। फिलहाल इन उत्पादों पर सरकार 28 फीसदी जीएसटी वसूलती है। इन उत्पादों पर जीएसटी बढ़ाने का प्रस्ताव जीएसटी रेट्स को तर्कसंगत बनाने के लिए गठित मंत्रियों के समूह ने दिया है। बता दें कि 21 दिसंबर को राजस्थान के जैसलमेर में जीएसटी काउंसिल की 55वीं बैठक होने जा रही है जिसमें कोल्ड ड्रिंक्स, तंबाकू और सिगरेट पर जीएसटी रेट बढ़ाने से जुड़ा आखिरी फैसला लिया जा सकता है। इसके अलावा ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स ने रेडीमेड गारमेंट समेत 148 अन्य उत्पादों पर भी जीएसटी बढ़ाने का प्रस्ताव दिया है।




जीएसटी काउंसिल ने जीएसटी रेट्स को तर्कसंगत बनाने के लिए ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स का गठन किया था। जिसका अध्यक्ष बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को बनाया गया था। मंत्रियों के समूह ने आपसी सहमति के बाद सिगरेट, तंबाकू और उससे जुड़े उत्पादों के अलावा एयरेटेड पेय पदार्थ (कोल्ड ड्रिंक) पर जीएसटी रेट को 28 फीसदी से बढ़ाकर 35 फीसदी करने का प्रस्ताव दिया है।

**कपड़ों पर लगेगा 28 फीसदी जीएसटी**

ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स ने कपड़ों पर जीएसटी रेट्स को तर्कसंगत बनाने का सुझाव दिया है। मंत्रियों के समूह ने 1500 रुपये तक की कीमत वाले कपड़ों पर 5 फीसदी जीएसटी बरकरार रखने की सिफारिश की है। लेकिन 1500 रुपये से ऊपर और 10000 रुपये तक के कपड़ों पर 18 फीसदी जबकि 10000 रुपये से ज्यादा कीमत वाले कपड़ों पर 28 फीसदी जीएसटी लगाने का प्रस्ताव दिया है। 28 फीसदी जीएसटी का मतलब है कि 10000 रुपये से ज्यादा महंगे कपड़े अब लग्जरी आइटम्स की कैटेगरी में आ जाएंगे। जैसा कि हमने बताया कि 148 अन्य वस्तुओं पर भी जीएसटी बढ़ाने का सुझाव दिया गया है। जीएसटी रेट में बदलाव से राजस्व बढ़ने के आसार हैं।

## झारखंड सरकार के नए मंत्रिमंडल का गठन 5 दिसंबर को होगा

### राज्यपाल दिलाएंगे मंत्रियों को शपथ

**संवाददाता**

**रांची ।** झारखंड सरकार के नए मंत्रिमंडल का गठन 5 दिसंबर को हो सकता है। इसी दिन दोपहर 12 बजे शपथ ग्रहण समारोह भी होने की उम्मीद है।

कांग्रेस कोटे से चार विधायक मंत्री पद की शपथ ले सकते हैं। जानकारी के अनुसार, शपथ ग्रहण के लिए कांग्रेस की ओर से सीएम हेमंत सोरेन को तिथि तय करने को कहा गया है। तिथि तय होने के बाद कांग्रेस मंत्री बनने वाले विधायकों की सूची सौंप देगी। राजनीतिक गलियारों में चर्चा इस बात की भी है कि किसी सीनियर विधायक को मंत्री नहीं बनाया गया तो उसे विधायक दल का नेता बनाया जा सकता है।

वहीं, गठबंधन के सहयोगी दल राजद से सुरेश पासवान का नाम आगे चल रहा है। हालांकि, संजय यादव भी मंत्री पद के दावेदार हैं। झारखंड विधानसभा का विशेष सत्र 9 से 12 दिसंबर तक आयोजित किया जायेगा, जबकि झामुमो विधायक स्टीफन मरांडी अस्थायी अध्यक्ष (प्रोटेम स्पीकर) होंगे।

झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन ने 81-सदस्यीय विधानसभा में 56 सीट हासिल कर अपना बहुमत बनाए रखा, जबकि भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को 24 सीट मिलीं। चार दिनों से इस सत्र के दौरान सबसे पहले नवनिर्वाचित विधायकों को छठी झारखंड विधानसभा के सदस्य के रूप में शपथ दिलाई जाएगी। इसके बाद हेमंत सोरेन बतौर मुख्यमंत्री सदन में विश्वास मत प्रस्ताव पेश करेंगे।

### सीएम के आदेश पर पांच बेसहारा बच्चों की पढ़ाई और पोषण की हुई व्यवस्था

**रांची ।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के आदेश के बाद पांच बेसहारा बच्चों की शिक्षा, राशन, पोषण की व्यवस्था एवं बच्चों की नानी के लिए पेंशन की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। मुख्यमंत्री ने इस संबंध में पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) के उपायुक्त को पीड़ित परिवार को हर जरूरी सरकारी योजनाओं से जोड़ने एवं बच्चों की पढ़ाई के लिए व्यवस्था करने का निर्देश दिया था। उपायुक्त ने बताया कि प्रखंड विकास पदाधिकारी ने असुरा गांव जाकर पीड़ित परिवार से भेंट किया। इस दौरान पता चला कि बच्चों का ना तो आधार कार्ड है और ना ही जन्म प्रमाण पत्र। बुजुर्ग नानी को पूर्व में पेंशन मिलता रहा है, जो किसी कारणवश बंद हो गया। पेंशन के कागजात भी कहीं खो गए हैं।

## देवघर पहुंची मुंबई से पहली फ्लाइट, यात्रियों में दिखा उत्साह

### मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को होगी उड़ान, 8591 रुपये किराया

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** मंगलवार को दोपहर एक बजे मुंबई से इंडिगो की फ्लाइट देवघर एयरपोर्ट पहुंची। जहां वाटर कैनन सैल्यूट से स्वागत किया गया। इससे पहले दिल्ली से ऑनलाइन नागरिक उड्डयन मंत्री राम नायडू के साथ गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने हरी झंडी दिखाकर मुंबई से देवघर के लिए फ्लाइट को रवाना किया। 164 यात्रियों को लेकर पहली फ्लाइट मुंबई से देवघर पहुंची। देवघर पहुंचने पर लोगों ने बाबा बैद्यनाथ की धरती को नमन किया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कारण यह संभव हो पाया है। बता दें कि देवघर से मुंबई उड़ान सेवा सप्ताह में तीन दिन मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को उपलब्ध



होगी। देवघर से मायानगरी की यात्रा महज दो घंटा 40 मिनट में पूरी होगी। मुंबई से यह विमान दोपहर एक बजे देवघर लैंड करेगी और दोपहर 1:30 बजे टेकआफ करेगी। भारत की वित्तीय राजधानी मुंबई और प्रमुख आध्यात्मिक स्थल देवघर के बीच निर्बाध संपर्क प्रदान करेगी। वहीं, देवघर से मुंबई लिए एक यात्री को 8591 रुपये किराया देना होगा। देवघर पहुंचे यात्री ने बताया कि मुंबई की हवाई सेवा शुरू होने से देवघर समेत पूरे संथाल परगना, बिहार का भागलपुर-बांका, जमुई समेत आसपास के कई जिलों के यात्रियों को सहूलियत होगी।

## गोड्डा में शादी समारोह में आए 2 युवकों की संदिग्ध स्थिति में मौत

**संवाददाता**

**गोड्डा ।** शादी समारोह में शामिल होने आए दो युवकों की मंगलवार की अहले सुबह संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। घटना गोड्डा जिले के पोड़ैयाहाट प्रखंड के गोईथावरण गांव की है। देवघर के समीप मोहनपुर गांव से दो युवक राजेश राय (18) व राकेश मड़ैया (22) शादी समारोह में भाग लेने आए हुए थे।इन दोनों युवकों का शव गांव के बाहर लावारिस हालत में पड़ा पाया गया। पोड़ैयाहाट थाना पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले का जांच की।थाना प्रभारी विनय कुमार ने बताया कि युवकों की बाइक पेड़ से टकराने की बात सामने आ रही है। वहीं, दूसरी ओर मृतक के घरवाले इसे हत्या बता रहे हैं।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर



अस्पताल गोड्डा भेज दिया है।वहीं, मृतकों के घरवालों का बयान भी दर्ज कर लिया है।थाना प्रभारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण का पता चला सकेगा।मृतकों के परिजन भी सदर अस्पताल पहुंचे। उनके क्रंदन से माहौल गमगीन हो गया. इधर, घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

## आलमगीर की डिस्चार्ज पिटीशन खारिज



**संवाददाता**

**रांची ।** टेंडर कमीशन घोटाला मामले में आरोपित झारखंड के पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की डिस्चार्ज पिटीशन कोर्ट से खारिज हो गई है। धन-शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने मंगलवार को फैसला सुनाते हुए डिस्चार्ज पिटीशन खारिज कर दी। इससे पूर्व सोमवार को सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा लिया था। आलम की ओर से 25 नवंबर को डिस्चार्ज पिटीशन दाखिल की गयी थी।

मामले में आरोपितों पर आरोप गठित होना है। इससे पहले खुद पर लगे आरोप को मुक्त कराने के लिए आरोपितों ने डिस्चार्ज पिटीशन दाखिल किया है। मामले में ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम और उनके परिजन सहित कई सहयोगियों की डिस्चार्ज पिटीशन खारिज हो चुकी है। ईडी ने 15 मई को आलमगीर आलम को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद से वे जेल में बंद है। टेंडर आवंटन में कमिशन लेने का उनपर आरोप है।

टेंडर कमीशन घोटाला में ईडी ने सबसे पहले 21 फरवरी, 2023 को बड़ी कार्रवाई की थी। निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के रांची जमशेदपुर पटना और दिल्ली सहित कई ठिकाने पर छापेमारी की गई थी। छापेमारी के बाद वीरेंद्र राम सहित अन्य को ईडी ने गिरफ्तार किया था।

### पूजा सिंघल मामले में जेल अधीक्षक ने कोर्ट में दाखिल किया जवाब

**रांची ।** नये कानून के तहत जेल से रिहा करने के लिए निलंबित आईएएस पूजा सिंघल की ओर से दायर याचिका पर मंगलवार को धन-शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की रांची कोर्ट में मंगलवार को सुनवाई हुई। मामले में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार के अधीक्षक ने जवाब दाखिल किया। इससे पूर्व 30 नवंबर को कोर्ट ने बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार के अधीक्षक को यह बताने का निर्देश दिया था।

### पूर्व डीसी छवि रंजन की जमानत पर सुनवाई नौ को

**रांची ।** सेना के कब्जे वाली जमीन की फर्जी दस्तावेजों के सहारे खरीद-बिक्री से जुड़े मामले में आरोपित रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन की जमानत पर धन-शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार की अदालत में मंगलवार को आंशिक सुनवाई हुई। ईडी ने अदालत से कागजात दाखिल करने के लिए समय की मांग की।

## पलामू में दिनदहाड़े ताबड़तोड़ फायरिंग कर युवक की हत्या

**संवाददाता**

**पलामू ।** प्रमंडल अंतर्गत गढवा जिले के श्री बंशीधर नगर शहर के गोसाइबाग में मंगलवार दोपहर अज्ञात अपराधियों ने दिनदहाड़े फायरिंग कर एक युवक की हत्या कर दी।

मृत युवक की पहचान गढ़वा के सोनपुरा निवासी सत्येन्द्र कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने मृत युवक की कमर से एक देशी कट्टा बरामद किया है। घटनास्थल से एक बाइक व आठ खोखा बरामद किया गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में कर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिये छापेमारी शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, गोसाइबाग में एक बाइक से दो लोग लाइन होटल के समीप बाइक रोक कर एक बाइक में हवा लेने लगे तथा दूसरा गुटखा लेने के लिए गुमटी पर गया। इसी बीच दूसरी बाइक पर भी दो लोग लाइन होटल के पास पहुंचे तथा बाइक खड़ी कर गुटखा लेने



गये सत्येन्द्र कुमार को लक्ष्य साधते हुए ताबड़तोड़ गोली चला दी, जिससे सत्येन्द्र कुमार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि दूसरे युवक ने भाग कर जान बचायी। फायरिंग करने के बाद जबतक लोग कुछ समझ पाते तबतक दोनों अपराधी बाइक पर सवार होकर उत्तर दिशा की ओर भाग निकले।

घटना की जानकारी मिलने के बाद एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह, थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक ने घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की जांच की तथा शव को कब्जे में लेकर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी है।

## राजनीति में कोई संतुष्ट नहीं होता, मुख्यमंत्री डरा-डरा रहता है न जाने कब हाईकमान हटा दे : गडकरी

**एजेंसी**

**नागपुर ।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मुख्यमंत्री के पद और राजनैतिक संतुष्टि को लेकर बड़ा बयान दिया है। यहां आयोजित एक पुस्तक के विमोचन समारोह में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हमेशा ही डरा और सहमा रहता है। उसके भीतर डर बना रहता है कि न जाने कब हाईकमान उसकी छुट्टी कर दे। जहां तक राजनीति का सवाल है तो यहां कोई भी संतुष्ट नहीं होता है। गडकरी ने कहा है कि राजनीति असंतुष्ट आत्माओं का सागर है, जहां हर व्यक्ति दुखी है और अपने वर्तमान पद से ऊंचे पद की आकांक्षा रखता है। नागपुर में जीवन के 50 स्वर्णिम नियम नामक पुस्तक के विमोचन के अवसर पर गडकरी ने कहा कि जीवन समझौतों, बाध्यताओं, सीमाओं और विरोधाभासों का खेल है।

मंत्री ने राजस्थान में आयोजित एक कार्यक्रम को याद करते हुए कहा कि राजनीति असंतुष्ट आत्माओं का सागर है, जहां हर व्यक्ति दुखी है... जो पार्षद बनता है वह इसलिए दुखी होता है क्योंकि उसे विधायक बनने का मौका नहीं मिला और विधायक इसलिए दुखी होता है



क्योंकि उसे मंत्री पद नहीं मिल सका। भाजपा नेता ने कहा, जो मंत्री बनता है वह इसलिए दुखी रहता है कि उसे अच्छा मंत्रालय नहीं मिला और वह मुख्यमंत्री नहीं बन पाया तथा मुख्यमंत्री इसलिए तनाव में रहता है क्योंकि उसे नहीं पता कि कब आलाकमान उसे पद छोड़ने के लिए कह देगा। उन्होंने कहा कि जीवन में समस्याएं बड़ी चुनौतियां पेश करती हैं और उनका सामना करना तथा आगे बढ़ना ही जीवन जीने की कला है।

खास बात है कि यह बयान ऐसे समय पर आया है, जब महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री पद को लेकर चर्चाओं का दौर जारी है। विधानसभा चुनाव में बंपर जीत के बाद भी महायुति अब तक सीएम नहीं चुन सकी है। खबरें हैं कि भाजपा मुख्यमंत्री पद अपने पास रखेगी। वहीं, दो अन्य दल एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के खाते में डिप्टी सीएम आ सकते हैं। फिलहाल, इसे लेकर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता ने कहा कि चाहे व्यक्ति पारिवारिक, सामाजिक, राजनीतिक या कॉरपोरेट जीवन में हो, जीवन चुनौतियों और समस्याओं से भरा है और व्यक्ति को उनका सामना करने के लिए जीवन जीने की कला को समझना चाहिए। गडकरी ने कहा कि उन्हें अपने राजनीतिक जीवन में अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन की आत्मकथा का एक उद्धरण याद है, जिसमें कहा गया है, कोई व्यक्ति तब खत्म नहीं होता जब वह हार जाता है। वह तब खत्म होता है जब वह हार मान लेता है।

## सेक्सुअल हैरेसमेंट पर राज्य कंप्लेंट कमेटी बनाए : सुप्रीम कोर्ट



**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को वर्कप्लेस पर महिलाओं के प्रिवेंशन ऑफ सेक्शुअल हैरेसमेंट एक्ट 2013 के लिए इंटरनल कंप्लेंट कमेटी बनाने की निर्देश दिया है। जस्टिस बी वी नागरत्ना और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की बेंच का ये निर्देश गोवा यूनिवर्सिटी के पूर्व विभागाध्यक्ष ऑरेलियानो फर्नांडीस की याचिका पर आया।

उन्होंने पूछा कि सुप्रीम कोर्ट ने मई 2023 को केंद्र और राज्य सरकारों को ये वेरिफाई करने को कहा गया था कि क्या वर्कप्लेस पर सेक्शुअल हैरेसमेंट के आरोपों की जांच के लिए सभी मंत्रालयों और विभागों में पैनल गठित किए गए हैं या नहीं। इसके साथ ही फर्नांडीस ने उन पर लगे सेक्शुअल हैरेसमेंट के आरोपों पर बॉम्बे हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी थी। सुनवाई के दौरान बेंच ने कहा कि प्रिवेंशन ऑफ सेक्शुअल हैरेसमेंट एक्ट 2013 में आया था। इतने वक्त बाद भी इसे लागू करने में इतनी गंभीर खामियां मिलना चिंताजनक है। ऐसा होना बहुत ही ज्यादा दुखद है। क्योंकि इसका राज्यों की कार्यशैली, पब्लिक अथॉरिटी और पब्लिक संस्थानों पर खराब असर पड़ता है।

# मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन फ्लाईओवर का किया औचक निरीक्षण



संवाददाता

**रांची ।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने मंगलवार को राजधानी रांची में मेकॉन चौक (वन भवन के नजदीक) से सिरमटोली चौक तक बन रहे निर्माणाधीन फ्लाईओवर का औचक निरीक्षण किया। मौके पर विधायक कल्पना सोरेन एवं राज्य सरकार के वरीय अधिकारी भी मौजूद रहे।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने फ्लाईओवर के निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों से फ्लाईओवर की विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे इस फ्लाईओवर निर्माण कार्य की गुणवत्ता और समय सीमा पर विशेष ध्यान दें।

फ्लाईओवर निरीक्षण के बाद मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि पूर्व में भी राज्य सरकार के जरिये कांटाटोली से सिरमटोली चौक तक बने फ्लाईओवर परियोजना को निर्धारित समय सीमा से पहले ही राजधानी वासियों को समर्पित किया जा चुका है। मेकॉन चौक (वन भवन के नजदीक) से सिरमटोली चौक तक बन रहे यह फ्लाईओवर भी निर्धारित समय सीमा से पहले ही रांची वासियों को समर्पित की जा सके। इस निमित्त राज्य सरकार के पदाधिकारी, इंजीनियर एवं फ्लाईओवर निर्माण में लगे श्रमिक पूरी मेहनत और लगन के साथ अपने-अपने कार्य में जुटे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा प्रयास है कि इस फ्लाईओवर परियोजना का भी जल्द से जल्द शुभारम्भ हो, ताकि लोगों को ट्रैफिक की समस्या से निजात मिल सके। उन्होंने कहा कि यह फ्लाईओवर चूंकि रेलवे क्रॉसिंग के ऊपर से गुजर रहा है इसीलिए रेल गाड़ियों के आवागमन से संबंधित बिंदुओं का भी ध्यान रखा जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस फ्लाईओवर का देश और राज्य में एक अलग पहचान होगा। यह फ्लाईओवर अपने आप में एक अनोखा फ्लाईओवर होगा।

## कांग्रेसियों ने डॉ.राजेन्द्र प्रसाद की जयंती व अल्बर्ट एक्का का शहादत दिवस मनायी



**देवघर।** जिला कांग्रेस कमिटी द्वारा स्वाधीनता संग्राम के महानायक तथा देश के प्रथम राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद तथा 1971 पाकिस्तान विभाजन के लांस नायक झारखंड के सपूत एलबर्ट एक्का की शहादत दिवस मनाया। जिलाध्यक्ष प्रो उदय प्रकाश के अगुवाई में कांग्रेस जनों ने कांग्रेस कार्यालय में अपने महापुरुष तथा वीर सपूत की तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें याद करते हुए नमन किया। इस दौरान जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष डॉ मुन्नम संजय ने तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि संविधान सभा के अध्यक्ष,देश की आजादी की लड़ाई के महान स्वतंत्रता सेनानी डॉ राजेन्द्र प्रसाद का आदर्श एवं विचार सदैव वंदनीय तथा अनुकरणीय है। भारतीय लोकतंत्र की मजबूत नींव रखने का उनका अमूल्य योगदान रहा है।। इस दौरान जिला महासचिव- सह-प्रवक्ता दिनेश कुमार मंडल भी मौजूद थे।

# बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार से पूछा, आखिर कब तक जनता परेशान रहेगी?



संवाददाता

**रांची ।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को राज्य सरकार को निशाने पर लिया। सोशल मीडिया के माध्यम से मरांडी ने मंगलवार को हेमंत सरकार को घेरते हुए बड़ा सवाल किया कि आखिर कब तक जनता परेशान होती रहेगी?

मरांडी ने कहा कि संवैधानिक संस्थाओं में खाली पदों के कारण आम जनता को न्याय नहीं मिल पा रहा। राज्य में लोकायुक्त, सूचना आयोग और मानवाधिकार आयोग जैसे महत्वपूर्ण संस्थानों में लंबे समय से पद खाली हैं, जिससे लोगों की अर्जियों पर सुनवाई नहीं हो रही। उन्होंने कहा कि लोकायुक्त कार्यालय में 2000 से अधिक मामले लंबित हैं। पूर्व लोकायुक्त जस्टिस डीएन उपाध्याय का कार्यकाल जून 2021 में समाप्त हो गया और तब से यह पद खाली है। इसके कारण भ्रष्टाचार से संबंधित मामलों की सुनवाई ठप हो गई है।

मरांडी ने कहा कि राज्य मानवाधिकार आयोग भी पूरी तरह से बंद है। मानवाधिकारों की रक्षा के लिए बनाए गए इस आयोग में पिछले लंबे समय से अध्यक्ष और सदस्य नहीं हैं, जिससे लोग मानवाधिकार उल्लंघन के मामलों में न्याय पाने से वंचित हो रहे हैं। राज्य महिला आयोग की स्थिति भी बेहद खराब है। महिलाओं की समस्याओं और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए यह आयोग काम करता है लेकिन अध्यक्ष और सदस्यों के अभाव में शिकायतों की सुनवाई नहीं हो रही।

सूचना आयोग में भी पद खाली रहने के कारण प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता की कमी और सरकार की जवाबदेही कमजोर पड़ रही है। साथ ही भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने भी संवैधानिक संस्थाओं में नियुक्तियां समय पर करने की आवश्यकता पर बल दिया है लेकिन झारखंड में अभी तक इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पहले बीजेपी शासित प्रदेशों में जाने आदिम जनजातियों की स्थिति : सुप्रियो



संवाददाता

**रांची ।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि 11 दिसंबर को मंईयां सम्मान योजना की राशि 2,500 रुपये महिलाओं के खाते में भेज दी जायेगी। उन्होंने कहा कि चुनाव परिणाम के बाद भाजपा को झटका लगा है। इस विधानसभा चुनाव में 28 रिजर्व सीटों में 27 हम जीते हैं, जो एक सीट बची है, उसमें भी बहुत कम अंतर है। इसके बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी थोड़े सक्रिय हो गए हैं।

भट्टाचार्य मंगलवार को पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी ने सरकार को आदिम जनजाति को लेकर सुझाव दिये हैं। इस सुझाव में खास तौर पर पहाड़िया जनजाति को लेकर चिंता व्यक्त की गई है। उन्होंने कहा कि ओडिशा और छत्तीसगढ़ में भाजपा के ट्राइबल मुख्यमंत्री हैं और वहां 15 ट्राइबल आदिम जनजाति के तौर पर चिन्हित किये गये हैं। भट्टाचार्य ने बाबूलाल से निवेदन करते हुए कहा कि आप छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और ओडिशा का दौरा करें। साथ कहा कि मरांडी इन राज्यों की स्टडी करें, वहां के आदिम जनजातियों की स्थिति और आर्थिक सामाजिक और शैक्षणिक हालत क्या हैं, ये देखने का काम करें। उन्होंने बाबूलाल मरांडी को सचेत करते हुए कहा कि आप बाहर के नेताओं के चक्कर में न पड़ें। साथ ही सवाल किया, आपने क्या कभी असम के चाय बगान में काम करने वाले ट्री ट्राइब्स की चर्चा की।

भट्टाचार्य ने कहा, आपको ये सवाल असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा से करनी चाहिए। शिवराज सिंह चौहान से करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि झारखंड के आदिवासी मूलवासी लोगों ने हमें जो आशीर्वाद दिया, उन्हीं के बेटे को भाजपा के तमाम नेता अपदस्थ करने के लिए बाहर से आए थे लेकिन झारखंड की जनता ने उनको नकार दिया। उन्होंने कहा कि झारखंड का नया मंत्रिमंडल समावेशी होगा।

## स्कूली बच्चों के लिए चला तंबाकू निषेध अभियान

**दुमका।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डायट में स्कूली बच्चों के लिए तंबाकू निषेध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित की गई। स्वागत भाषण एवं विषय प्रवेश डायट संकाय सदस्य प्रियंकर परमेश ने किया । उन्होंने विषय प्रवेश कराते हुए तंबाकू से होने वाली हानि जैसे गले, मुंह, ग्रास नली, मूत्राशय, पेट आदि में कैंसर होने की संभावना, हृदय रोग एवं स्ट्रोक का खतरा, मधुमेह, गर्भपात, बच्चों में याददाश्त शक्ति की कमी के विषय में बताया। तंबाकू छोड़ने से व्यक्तियों को क्या-क्या लाभ हो सकते हैं इसके विषय में भी बच्चों को विस्तार पूर्वक बताया। प्रभारी प्राचार्य सुषमा हांसदा ने अपने संबोधन में बच्चों को हर वर्ष 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाने की जानकारी एवं अच्छी आदतों के विषय में जागरूक किया।जागरूकता कार्यक्रम के सफल संचालन में डायट संकाय सदस्य मधुश्री कुमारी, कृष्णा कुमारी, सुब्रत गोराई, प्रकाश हेंब्रम, लिपिक संतोष कुमार एवं सनातन टुडू की उल्लेखनीय भूमिका रही।

## डॉ.राजेंद्र प्रसाद की मनी जयंती,दी गई श्रद्धांजलि

**दुमका।** देश रत्न डा.राजेंद्र प्रसाद मेमोरियल ट्रस्ट ने दुमका शहर के बांध पड़ा स्थित स्मारक स्थल पर मंगलवार को देश के प्रथम राष्ट्रपति डा.राजेंद्र प्रसाद की 140वीं जयंती मनाई गई। शहर गण मान्य लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित उन्हें याद किया ।इस मौके पर सुभाष हेंब्रम ने कहा कि देश आज भी उन्हें संविधान निर्माता के रूप में याद करता है। वही डा.राजकुमार उपाध्या ने ने आपने संबोधन में कहा कि एक लंबी कानूनी लड़ाई लड़ने के बाद मेमोरियल ट्रस्ट ने जीत दर्ज करने में सफल रहा है। इस मौके पर शैलेंद्र सिन्हा, डा.मनोज घोष,संतोष वर्मा,शिव कुमार गुप्ता,सुरेश कुमार दास,सतीश वर्मा,जॉन मुर्मू, देवत्तर मल्लाह,शेख कालुमुद्दीन,गौर चंद्र भंडारी, जियाउर रहमान,सिमन मुर्मू,शिवा नंद मिश्रा,विशाल,खुशी और प्रियंका सहित बड़ी श्री में लोगों ने अपनी भागीदारी दी।

## अमित बने राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के उपाध्यक्ष

**जरमुंडी ।** झारखंड प्रदेश, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन ने बासुकीनाथ निवासी वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अमित कुमार झा को प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। अमित कुमार झा, पूर्व विधायक श्री कांत झा के पौत्र हैं। पूर्व विधायक दिवंगत श्रीकांत झा अविभाजित बिहार में जरमुंडी विधानसभा से तीन बार विजयी रहे थे। पूर्व विधायक स्व. श्रीकांत झा के कार्यकाल के दौरान बासुकीनाथ को अधिसूचित क्षेत्र (अब नगर पंचायत) घोषित किया गया था। संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर अमित कुमार झा ने कांग्रेस पार्टी के तमाम नेता एवं कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने विश्वास दिलाया है कि पार्टी के द्वारा उन्हें जो जिम्मेदारी दी जाएगी, उस पर वह खरा उतरने के लिए प्रयासरत रहेंगे। इधर श्री झा के प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सुनीत शर्मा, रांची महानगर के अध्यक्ष अंजनी रंजन, सीताराम मंडल, अजय कुमार, अनंत मिश्रा सहित कई दर्जनों कांग्रेसियों ने उन्हें बधाई दी है।

## इनर व्हील क्लब ने महिला हिंसा पर की चर्चा



**देवघर ।** इनर व्हील क्लब ऑफ देवघर के अध्यक्ष अर्चना भगत के नेतृत्व में आज रोहिणी में महिलाओं के लिए एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में करीब 100 महिलाओं ने भाग लिया और महिला हिंसा से संबंधित मुद्दों पर गहन चर्चा की।कार्यक्रम की मुख्य वक्ता, अधिवक्ता सुमित्रा झा ने महिलाओं को जागरूक करते हुए उन्हें सशक्त बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महिलाएं हिंसा से बचने के लिए किस प्रकार कानूनी प्रावधानों का उपयोग कर सकती हैं। साथ ही, उन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भर और आत्मरक्षा के लिए तैयार रहने के लिए प्रेरित किया।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में इनर व्हील क्लब की कई प्रमुख सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिनमें रीता चौरसिया, पूर्व अध्यक्ष सारिका साह, पूर्व अध्यक्ष रश्मि रंजन, उपाध्यक्ष सीमा मूंदड़ा, सरिता रानी, विभा सिंह, मिमी दास और नमिता भगत नीलिमा सिन्हा शामिल थीं।कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों और कानून की जानकारी देकर उन्हें जागरूक करना और समाज में महिला हिंसा को समाप्त करना था। यह कार्यक्रम क्लब की प्रतिबद्धता को दर्शाता है कि वह समाज में महिलाओं की स्थिति को सशक्त बनाने के लिए सदैव तत्पर है।

## गिरी वनवासी कल्याण परिषद ने की बैठक



**देवघर।** गिरी वनवासी कल्याण परिषद की एक बैठक जमुना निवास शाखा अध्यक्ष प्रदीप बजला की अध्यक्षता में हुई। जिसमें संगठन द्वारा आगामी संगठन की योजना से होने वाले कार्यक्रम और गतिविधियों को लेकर योजना बनाई गई। जिसमें प्रमुख रूप से चर्चा की गई कि गिरी बनवासी के बैनर तले संथाल परगना में आदिवासी वनवासी भाइयों बहनों के द्वारा तीरंदाजी फुटबॉल इत्यादि कार्यक्रम घोरमारा मैदान में होगा। साथ ही 12 जनवरी वन भोज कार्यक्रम भी नगर शाखा के द्वारा किया जाएगा। वहीं कंबल वितरण कार्यक्रम नगर शाखा के द्वारा आदिवासी भाइयों बहनों के बीच वितरण किया जाएगा। उक्त बैठक में मुख्य रूप से प्रदीप बजला, संजीव जजवाडे, विजया सिंह, सचिन सुल्तानिया, अनिल टेकरीवाल, जगमोहन टिंबरेवाल, पवन तमकोरिया, एवं वनवासी कल्याण परिषद के कई सदस्य मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## शहादत दिवस पर याद किए गए अल्बर्ट एक्का

**रांची ।** संत सेवियर कॉलेज के एनसीसी कैडेट ने परमवीर चक्र विजेता और लांस नायक अल्बर्ट एक्का के शहादत दिवस पर मंगलवार को उन्हें याद किया। अल्बर्ट एक्का चौक पर स्वर्गीय लांस नायक अल्बर्ट एक्का के सम्मान में रीथ लेइंग और नुक्कड़ नाटक का आयोजन भी किया गया। इस कार्यक्रम में कुल 100 एनसीसी कैडेट मौजूद थे, जिन्होंने माहौल को गौरव से भर दिया। एएनओ लेफ्टिनेंट डॉ. प्रिया श्रीवास्तव के मार्गदर्शन और उपस्थिति में यह कार्यक्रम सफल हुआ। उल्लेखनीय है कि ऑपरेशन हिलटॉप के दौरान तीन दिसंबर, 1971 को अल्बर्ट एक्का की कार्रवाई ने दुश्मन के ठिकाने पर कब्जा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इस बहादुरी और बलिदान के लिए उन्हें भारत का सर्वोच्च सैन्य सम्मान परम वीर चक्र मिला था।

## सहरसा और आनंद विहार के मध्य गरीब रथ स्पेशल ट्रेन का परिचालन

**हाजीपुर ।** यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर रेलवे द्वारा सुपौल-सरायगढ़-निर्मली- झंझारपुर-सकरी-दरभंगा-सीतामढ़ी-रक्सौल के रास्ते सहरसा और आनंद विहार के मध्य 05577/05578 स्पेशल गरीबरथ स्पेशल ट्रेन का परिचालन करने का निर्णय लिया गया है । इस स्पेशल में तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 16 कोच होंगे । गाड़ी संख्या 05577 सहरसा-आनंद विहार गरीबरथ स्पेशल दिनांक 04.12.2024 से 31.12.2024 तक सप्ताह में पांच दिन (गुरूवार एवं शनिवार को छोड़कर) सहरसा से 20.00 बजे प्रस्थान कर 20.20 बजे गढ़बरूआरी, 21.45 बजे सुपौल, 21.15 बजे सरायगढ़, 22.00 बजे निर्मली, 22.13 बजे घोघरडीहा, 22.35 बजे झंझारपुर, 23.00 बजे सकरी, 23.35 बजे दरभंगा रूकते हुए अगले दिन 00.45 बजे जनकपुर रोड, 01.30 बजे सीतामढ़ी, 20.10 बजे बैरगनिया, 03.15 रक्सौल, 04.20 बजे नरकटियागंज, 05.00 बजे बगहा रूकते हुए तीसरे दिन 00.30 बजे आनंद विहार पहुंचेगी । वापसी में, गाड़ी संख्या 05578 आनंद विहार-सहरसा स्पेशल दिनांक 06.12.2024 से 02.01.2025 तक तक सप्ताह में पांच दिन (शनिवार एवं सोमवार को छोड़कर) आनंद विहार से 05.15 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 00.10 बजे नरकटियागंज, 01.10 रक्सौल, 02.00 बजे बैरगनिया, 02.40 बजे सीतामढ़ी, 03.15 बजे जनकपुर रोड, 04.50 बजे दरभंगा, 06.00 बजे सकरी, 06.25 बजे झंझारपुर, 06.45 बजे घोघरडीहा, 08.03 बजे निर्मली, 08.30 बजे सरायगढ़, 09.30 बजे सुपौल, 09.45 बजे गढ़बरूआरी रूकते हुए 10.30 बजे सहरसा पहुंचेगी ।

# अधिवक्ता दिवस पर शॉल ओढ़ाकर किया सम्मानित



संवाददाता

**दुमका।** जिला अधिवक्ता संघ के तत्वावधान में प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद के अवतरण दिवस पर मंगलवार को अधिवक्ता दिवस मनाया गया। इस मौके पर आयोजित संगोष्ठी में संघ की ओर से 50 वर्षों से वकालत की पेशा से जुड़े वरिष्ठ अधिवक्ताओं को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। संघ के महासचिव राकेश कुमार द्वारा संचालित संगोष्ठी में संघ के सदस्य अधिवक्ताओं ने कहा कि प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद द्वारा संविधान निर्माण किये जाने में अहम योगदान को कभी भूलाया नहीं जा सकता। अधिवक्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। मौके पर दयानंद श्रीवास्तव, सत्येन्द्र नारायण प्रसाद, भवानी शंकर प्रसाद, निशिकांत बरियार, शोभा वर्मा, डॉ. मनोज कुमार घोष, रमण वर्मा, गीता सिन्हा, ऋचा यामिनी एवं कई चित्रांश उपस्थित हुए। देश रत्न डा.राजेंद्र प्रसाद मेमोरियल ट्रस्ट ने दुमका शहर के बांध पड़ा स्थित स्मारक स्थल पर मंगलवार को देश के प्रथम राष्ट्रपति डा.राजेंद्र प्रसाद की 140वीं जयंती मनाई गई। शहर गण मान्य लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित उन्हें याद किया । इस मौके पर शैलेंद्र सिन्हा, डा.मनोज घोष,संतोष वर्मा,शिव कुमार गुप्ता,सुरेश कुमार दास,सतीश वर्मा,जॉन मुर्मू, देवत्तर मल्लाह,शेख कालुमुद्दीन,गौर चंद्र भंडारी, जियाउर रहमान,सिमन मुर्मू,शिवा नंद मिश्रा,विशाल,खुशी और प्रियंका सहित बड़ी श्री में लोगों ने अपनी भागीदारी दी।

# रामचन्द्र रुंगटा के प्लांट पर जीएसटी टीम की छापेमारी



संवाददाता

**रामगढ़ ।** राज्य के जाने-माने उद्योगपति रामचंद्र रुंगटा के प्लांट में मंगलवार को जीएसटी की टीम ने बड़ी छापेमारी की है। रामगढ़ जिले के अरगड्डा रोड स्थित झारखंड इस्पात, बरकाकाना इलाके के मां छिन्नमस्तिका स्पंज आयरन और कुजू ओपी क्षेत्र के आलोक स्टील प्लांट के अलावा रामगढ़ शहर में जहाज कोठी में बने कार्यालय में छापेमारी चल रही है।

जीएसटी के अधिकारियों को संदेह है कि रामचंद्र रुंगटा अपने फर्म के माध्यम से सरकारी टैक्स की चोरी कर रहे हैं। यहां तक कि उन्हें जितना टैक्स देना चाहिए था, उसके अनुपात में अभी तक उन्होंने उसे जमा नहीं किया है। सभी ठिकानों पर जीएसटी के अधिकारियों ने एक साथ छापेमारी शुरू की। सभी प्लांट और कार्यालय में चार-पांच गाड़ियों से अधिकारी एक साथ घुसे और प्लांट के दस्तावेजों को कब्जे में ले लिया। इस दौरान वहां मौजूद सभी कर्मचारियों और पदाधिकारियों के मोबाइल भी जब्त कर लिए गए और उन्हें बंद कर दिया गया। यहां तक कि लैंडलाइन फोन को भी पूरी तरीके से ठप कर दिया गया। अधिकारियों की टीम प्लांट और ऑफिस में मौजूद सभी दस्तावेजों को खंगाल रही है।

**छापेमारी से मचा हड़कंप**

जीएसटी के अधिकारियों की छापेमारी के बाद सभी स्थानों पर हड़कंप मच गया। प्लांट के कंटाघर और ऑफिस समेत पूरे प्लांट का भ्रमण कर अधिकारियों ने जायजा लिया। किसी को भी प्लांट के अंदर जाने आने की अनुमति नहीं मिली। जो भी वाहन कुछ सामान लेकर आ रहा था उसकी जांच की गई। स्पंज, कोयला, लोहा, स्टॉक समेत कंपनी चलाने के लिए जरूरी उपकरण संसाधन की खरीद-बिक्री कागजात समेत कई मामलों की जांच पड़ताल की जा रही है।

## महर्षि योगी संस्थान के छात्रों ने बाबा बैद्यनाथ पर किया जलार्पण



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** महर्षि महेश योगी संस्थान नोएडा के संचालक अजय प्रताप श्रीवास्तव ने आज देवघर स्थित महर्षि योगी संस्थान के छात्रों के साथ आज बाबा मंदिर परिसर में स्थानीय पुरोहितों के द्वारा मंत्र उच्चारण के साथ संकल्प लिया और बाबा बैद्यनाथ पर जलार्पण किया मौके पर संस्था के संचालक अजय श्रीवास्तव ने बताया कि महर्षि मेंही लगातार 70 वर्षों तक लोगों की सेवा में जुटे रहे साथी आश्रम खोलकर बच्चों को कर्मकांड पूजा पद्धति,वेद,योग यदि को भी सिखाया जा रहा है ताकि सनातन धर्म बचा रहे साथी कहां की आश्रम का मुख्य उद्देश्य देश में सभी सुख शांति अमन चैन से रहे साथ ही सभी ज्योतिर्लिंगों में लगातार पूजा अर्चना चलती रहे यही संस्था का मुख्य उद्देश्य है और भविष्य में उन्होंने देवघर में भी एक विशाल संस्थान का विद्यालय खोलने की बात बताई। जहां पर तीनों वेदों की पढ़ाई कराई जाएगी जिससे आने वाले पीडिया को वेद का ज्ञान मिल पाएगा उन्होंने कहा कि देश के अलग-अलग हिस्सों में वेद विद्यालय खोला गया है। जहां पर निशुल्क शिक्षा दी जाती है।वही बाबा मंदिर प्रांगण में जिस पुरोहितों के द्वारा उन्हें प्रतीक चिन्ह बैठकर सम्मानित किया गया।

## चंद्रशेखर आजाद के जन्मदिवस पर मना जश्न



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** मधुपुर कोर्ट मोड़ स्थित अंबेडकर चौक पर भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष और नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद का 38वां जन्मदिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया।कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर हुई। इसके बाद केक काटकर जन्मदिवस का जश्न मनाया गया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष कमलेश कुमार दास ने प्रदेश संगठन प्रभारी के साथ देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। वहीं, कार्यक्रम में मौजूद अन्य प्रमुख नेताओं और कार्यकर्ताओं में प्रदेश प्रभारी राजेश कुमार दास, जिला सचिव क्रांतिकारी कृष्णा कुमार, उमेश कुमार, जिला सलाहकार दिलीप कुमार दास, सोशल मीडिया प्रभारी विनोद कुमार, प्रखंड अध्यक्ष विजय कुमार मेहरा, महासचिव रंजय कुमार दास, कोषाध्यक्ष नितेश कुमार, मीडिया प्रभारी अभय कुमार और करों प्रखंड अध्यक्ष पलटन कुमार दास ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

# रांची में आपराधिक गिरोह के दहशत से बैंक और बाजार बंद




संवाददाता

**रांची ।** शहर के बुढ़मू थाना क्षेत्र के उमेडंडा गांव को आपराधिक गिरोह पहाड़ी जी दस्ता ने मंगलवार को बंद करवा दिया है। मामले में उग्रवादी संगठन टीएसपीसी से अलग होकर वीकेएस तिवारी संगठन के पहाड़ी जी दस्ता का नाम सामने आ रहा है। जानकारी के अनुसार, सोमवार की रात में पहाड़ी जी दस्ता के चार से पांच सदस्य उमेडंडा पहुंचे थे और बाजार के दुकानदारों के साथ मारपीट करते हुए हथियार का भय दिखाया और मंगलवार को दुकान बंद करने का निर्देश दिया और चले गए। इसके बाद मंगलवार को सुबह से ही उमेडंडा में सन्नाटा पसरा हुआ है। सभी दुकानें बंद हैं और वाहन भी नहीं चल रहे हैं। सूचना पाकर थाना प्रभारी रितेश कुमार पुलिस बल के साथ उमेडंडा गए और दुकानदारों से दुकान खोलने का आग्रह किया लेकिन दुकानदार दुकान खोलने के लिए तैयार नहीं हुए। उमेडंडा में स्थित इंडियन बैंक भी बंद है। उमेडंडा में स्थिति को सामान्य बनाने के लिए पुलिस प्रशासन प्रयास कर रही है। पुलिस बल उमेडंडा में लगातार पेट्रोलिंग कर रही है। पहाड़ी दस्ता के सदस्यों ने उमेडंडा बंद क्यों किया इसका अभी तक कुछ पता नहीं चल सका है।

बुढ़मू इलाके में टीपीसी के साथ-साथ पहाड़ी जी और कुछ आपराधिक गिरोह का आतंक है। यह इलाका बालू तस्करी के लिए जाना जाता है।

# घर-घर डिजिटल शिक्षा पहुंचाएगी इंडस टावर्स लि. की डिजिटल ट्रांसफॉरमेशन वैन

## झारखंड सरकार की सचिव विप्रा भाल ने किया वैन का उद्घाटन



संवाददाता

**रांची ।** देश की जानी - मानी कंपनी इंडस टावर्स लिमिटेड ने डिजिटल शिक्षा प्रदान करने की दिशा में एक अभिनव प्रयोग किया है । इसके तहत झारखंड के सुदूरवर्ती ग्रामीण इलाकों में वंचित समुदाय के बीच घर-घर जाकर एक डिजिटल ट्रांसफॉरमेशन वैन के माध्यम से लोगों को डिजिटल शिक्षा प्रदान की जाएगी । यह कार्य एनआईआईटी फाउंडेशन के साथ भागीदारी में किया जा रहा है । इस संबंध में इंडस टावर्स लिमिटेड के सर्किल सीईओ रितेश बत्स , सर्किल एचआर हेड शाहनवाज अहमद तथा सर्कल ओ एंड एम हेड पंकज सिन्हा ने बताया कि झारखंड के सुदूरवर्ती ग्रामीण इलाकों में सामाजिक निगमित दायित्व (सीएसआर) कार्यक्रम के तहत डिजिटल ट्रांसफॉरमेशन वैन के माध्यम से डिजिटल शिक्षा के प्रसार की शुरुआत की गयी। झारखंड सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी और ई गवर्नेंस विभाग की सचिव विप्रा भाल ने आज इसका उद्घाटन केराली पब्लिक स्कूल (नेवरी विकास) रांची से किया ।

## बांग्लादेश में सनातनियों पर लगातार हो रहे अत्याचार के खिलाफ पलामू में प्रदर्शन




**पलामू ।** बांग्लादेश में सनातनियों पर लगातार हो रहे अत्याचार के खिलाफ मंगलवार को गायत्री मंदिर सुदना से साहित्य समाज चौक और राजेंद्र प्रसाद चौक होते हुए कचहरी परिसर तक सर्व सनातन समाज ने जन आक्रोश रैली निकाली। रैली में लोगों ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार बंद करो, इस्कॉन के सन्यासी चिन्मय कृष्णदास को अन्यायपूर्ण कारावास से मुक्त करो आदि नारों से आक्रोश एवं गुस्सा व्यक्त किया। इस दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघ चालक गोपाल ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार तत्काल बंद हो। उन्होंने कहा कि इस्लामी कट्टरपंथियों के जरिए अल्पसंख्यक हिंदुओं के मठ, मंदिरों, गुरुद्वारों को खंडित कर एवं महिलाओं पर अमानवीय अत्याचार अत्यंत चिंताजनक है।

पूर्व रेलवे

**ठिका सं.: मेडएलपीएएसएन 24, माहित: 02.12.2024,** मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 होतेते नोवाको कामी लागित् ई-ठिका सं: मेडएलपीएएसएन24 रेयाक् प्रतिपक्ष खुला ई-ठिका नेवतायेत् काना। **ठिका रेयाक् जुतुम:** 02 बोछेर सोमोय लागित् मंडल रेलवे अस्पताल, आसनसोल रेयाक् दैनंदिन स्थानीय खरीद तारी रे रानको, सर्जिकल, लैब आइटमको आर कंज्यूमेबल रेयाक् बेबोसता बाखरा रेट कॉन्ट्रैक्ट। **बोली रेयाक् हानाटिज:** आम ठिका। **ठिका रेयाक् हानाटिज:** खुला-देशी। **बोली प्रणाली:** एकल पैकेट। **अनुबंध रेयाक् हानाटिज:** गुड्स। **जाँच एजेंसी:** कंसाइनी। **बोली नोंडे होयोक्आ:** आईआरईपीएस www.ierps.gov.in; **मुचात् तारीक आर सोमोय:** माहित 16.12.2024 हिलोक् 11.00 बजे। **प्रस्ताव रेयाक् वैधता:** 90 दिन। **ठिका कागोच रेयाक् गोनोम (आईएनआर):** रु. 0.00, **बायना पायसा:** रु. 2,40,000/-, **बोली लागित् रैंकिंग क्रम:** न्यूनतम खोन उच्चतम। बिवरोन दो वेबसाइट www.ireps.gov.in बेबोसता आकान मेनाक्आ। बोलीदाता दो एकेन मुचात् तारीक आर सोमोय हाबिच् आपनारमूल/संशोधित बोलीको जामा दाड़ेयाक्आ। नोआ ठिका लागित् मैनुअल दारखास रेयाक् मुंजूरी दो बाङ एमावाको काना आर मैनुअल दारखास जामोक् रे ओना दो बाङ धियानाक्आ।

MED-11/2024-25

**ठिका खोबोर रेयाक् वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in रे हों बेबोसता आकान मेनाक्आ।**

नोंडे पांजालेपे : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार बंद करने को लेकर निकली आक्रोश रैली

**संताल एक्सप्रेस** साहिबगंज। बंगलादेश में हिंदुओं सीखो व बौद्धों पर आक्रमण के खिलाफ सर्व सनातन समाज की ओर से मंगलवार को रेलवे जनरल इंस्टीट्यूट टाकीज फील्ड से आक्रोश मार्च निकाला गया। हाथों में बांग्लादेश में हिन्दू मंदिर तोड़ना बंद करने, हिंदुओं पर अत्याचार बंद करने, हिन्दू बहु बेटियों के साथ अत्याचार बंद करने, बांग्लादेशी हिंदुओं पर अत्याचार बंद करने सहित अन्य बैनर पोस्टर लेकर लोगों ने अपना आक्रोश जताया। आक्रोश मार्च रेलवे जनरल इंस्टीट्यूट टाकीज फील्ड से निकलकर गांधी चौक, पटेल चौक, स्टेशन चौक, कॉलेज रोड, सुभाष चौक होते हुए समाहरणालय पहुंचकर समाहरणालय समीप धरना प्रदर्शन दिया। वही महामहिम राष्ट्रपति के नाम डीसी को पांच सूत्री मांग पत्र सौंपा। जिसमे बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार तत्काल बंद हो, इस्कॉन के सन्यासी चिन्मय कृष्ण दास को अन्यायपूर्ण कारावास से मुक्त करें। हम सभी जिलेवासी बांग्लादेश के हिंदुओं व बांग्लादेश अल्पसंख्यकों के साथ है और बांग्लादेश में हिंदुओं व बांग्लादेश अल्पसंख्यकों के साथ इस्लामिक कट्टरपंथी द्वारा हमला, हत्या, लुट, आगजनी, महिलाओं के साथ अमानवीय अत्याचार का हम जिलेवासी भर्त्सना करते है। सरकार हर संभव प्रयास करे ताकि विश्व में शांति व भाईचारा बना रहे। वही ज्ञापन की प्रतिलिपि पीएम को भी भेजा है। मौके पर राजमहल पूर्व विधायक अनंत ओझा, रामानंद साह, धर्मेंद्र कुमार, चंद्रभान शर्मा, कुमारी गरिमा, माणिक पासवान, अंकित शर्राफ, कृष्ण वल्लभ सिंह, प्रमोद कुमार, सुनील सिंह, पंकज चौधरी, सुनील कुमार, रवि मोदी, कुमार दीपांशु, मुरलीधर तिवारी, अजय कुमार, दिनेश कुमार पांडे, चंदन कुमार महतो, इस्कॉन मंदिर के पुरोहित सहित सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।




## दिव्यंगता अभिशाप नहीं: आईटीडीए निदेशक



साहिबगंज/विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर कौशल्या ज्योति ट्रस्ट और बाल कल्याण समिति के सहयोग से स्थानीय दिव्यांग विद्यालय वान उडेंन मूक बधिर विद्यालय में बच्चों को दैनिक उपयोग की सामग्री उपलब्ध कराई गई।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर आईटीडीए निदेशक संजय कुमार ने कहा कि दिव्यंगता अभिशाप नहीं है और दिव्यांग बच्चे हमारे समाज के महत्वपूर्ण अंग है।इनकी सुरक्षा शिक्षा और सर्वांगीण विकास हम सभी का प्रथम कार्य है।उन्होंने विस्तार से दिव्यांग बच्चों को प्राप्त होने वाले सुविधाओं की जानकारी दी।उन्होंने बताया कि आप सभी को किसी प्रकार की जरूरत हो तो आप सीधे संपर्क कर सकते हैं।बाल कल्याण समिति के सदस्य और कौशल्या ज्योति ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि आज दिव्यांग दिवस के अवसर पर इन बच्चों को दैनिक उपयोग की सामग्री,खाद्य पदार्थ और खेल की सामग्री उपलब्ध कराई गई है।आज का भोजन संत जेवियर विद्यालय के कक्षा 7 के विद्यार्थियों ने उपलब्ध कराया था।इस अवसर पर जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी पूनम कुमारी,पूजा झा,कंचन कुमारी, लैला हरिन,आनंद कुमार,सिस्टर अंकिता,सहित विद्यालय कर्मी उपस्थित थे।

## ज़िला क्रिकेट अंडर-16 टूर्नामेंट संत जेवियर स्कूल ए टीम ने 9 विकेट से दर्ज की जीत



**साहिबगंज।** ज़िला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में सिदो-कान्हू स्टेडियम में चल रहे अंडर-16 क्रिकेट लीग टूर्नामेंट के तहत मंगलवार को संत जेवियर स्कूल ए बनाम महतो बागान के बीच मैच खेला गया। महतो बागान ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवर में 64 रन बना कर ऑल आउट हो गई। कप्तान जयराम महतो ने सर्वाधिक 14 रनों की पारी खेली। संत जेवियर स्कूल ए टीम के गेंदबाज प्रतीक ने 4, आकाश ने 3, अनुराग ने 2 व अमित ने 1 विकेट लिया। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी संत जेवियर स्कूल ए की टीम ने 4.2 ओवर में 1 विकेट के नुकसान पर 66 रन बना कर 9 विकेट से मैच जीत लिया। ललित नारायण ने 15 व अनुराग ने 21 रनों की पारी खेली। महतो बागान के गेंदबाज बीरेंद्र कुमार ने 1 विकेट लिया। संत जेवियर स्कूल ए टीम के गेंदबाज प्रतीक कुमार को मैन ऑफ दी मैच घोषित किया गया। मुख्यातिथि व्यवसायी सह चैम्बर सदस्य मो जाहिद खान ने प्रतीक को मैन ऑफ दी मैच की ट्रॉफी से पुरस्कृत किया। मैच में अंपायरिंग अशफाक आलम व प्रभाकर सिंह उर्फ गुड्डू एवं स्कोरिंग केएस सौरभ ने किया। मौके पर ज़िला क्रिकेट संघ सचिव अंकुर सिन्हा, अमित तिवारी, गोपाल सिंह, राजीव कुमार सहित अन्य मौजूद थे। टूर्नामेंट इंचार्ज मो अशफाक आलम ने बताया कि 04 दिसंबर को कंबाइंड इलेवन बनाम असगार्जियन के बीच मैच खेला जाएगा।

## मिर्जाचौकी के जगह उत्तर प्रदेश का मिर्जापुर पहुंची महिला,घर पहुंचने की पुलिस से लगाई गुहार

**मंडरो,साहिबगंज।** मिर्ज़ाचौकी थाना क्षेत्र के नामनगर मुस्लिम टोला की शबनम खातून एक बच्चे के साथ भटक कर उत्तर प्रदेश के मिर्ज़ापुर स्थित विंध्याचल चली गई है।वहीं विंध्याचल थाना प्रभारी अमित कुमार को जानकारी मिलने के बाद मिर्ज़ाचौकी थाना के प्रभार थाना प्रभारी अमेरिका राम को जानकारी दी गई।प्रभार थाना प्रभारी के द्वारा पुलिस बल को महिला के घर कि खोज बीन के लिये नामनगर मुस्लिम टोला गांव भेजा गया।इधर महिला ने विंध्याचल पुलिस को बताई है, कि वो कही बाहर से आ रही थी। उसे मिर्ज़ाचौकी उतरना था, लेकिन वो (उत्तर प्रदेश) मिर्ज़ापुर चली गई।वहीं महिला ने पुलिस को अपना घर जल्द भेजवाने की गुहार लगाई है।

## शालिग्राम मंडल के हत्यारे का शीघ्र हो गिरफ्तारी:अनन्त



राजमहल/ सोमवार को राजमहल प्रखंड के राजमहल थाना क्षेत्र दलाही गांव निवासी शालिग्राम मंडल को अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। मंगलवार को सुबह राजमहल के पूर्व विधायक और भाजपा के वरिष्ठ नेता अनन्त ओझा पीड़ित परिवार से मिलने उनके घर पर पहुँचे। घटना की जानकारी ली। पूर्व विधायक अनंत ओझा ने शालिग्राम मंडल के पार्थिव शरीर का दर्शन कर परिजनों से मिलकर शोक संवेदना प्रकट करते हुए,पीड़ित परिवाजनों को भरोसा दिया कि इस दुःख के घड़ी में मै मजबूती के साथ खड़ा हुँ अपराधी का शीघ्र गिरफ्तारी हो और उसे कड़ी से कड़ी सजा मिले इसके लिए जिला प्रसासन से मांग करूँगा। इस अवसर पर पूर्व विधायक अनन्त ओझा ने कहा कि हेमन्त सोरेन सरकार पार्ट-2 में भी राज्य की कानून व्यवस्था बदहाल हैं अब तो इस जिले में भी पूरा राज उनका ही फिर भी यहाँ दीन दहाड़े अपराधी गोली मारकर लोगों को हत्या कर दे रहा हैं चुनाव के बाद से यहाँ डरावना माहौल बना हुआ हैं व्यवसायी अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहे है। अनन्त ओझा ने कहा कि शालिग्राम मंडल के परिवार से परिवार से मिलकर दुख साझा किया. इस दौरान उन्होंने पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए हर संभव मदद का भरोसा दिया। इस अवसर पर उपस्थित तीन पहाड़ थाना प्रभारी से अनन्त ओझा ने घटनाक्रम की जानकारी प्राप्त किया। अपराधी को अब तक गिरफ्तार करने के लिए पुलिस प्रशासन अब तक क्या प्रयास किया उसकि जानकारी ली। पूर्व विधायक ने मांग किया कि पीड़ित परिवार को जल्द न्याय मिले इसके लिए पुलिस प्रशासन शीघ्र अपराधी को गिरफ्तार करके कड़ी से कड़ी सजा दिलाये।

## राजमहल मुक्तिधाम के सौंदर्यीकरण का नपं कार्यालय बनाएं डीपीआर - विधायक



**राजमहल।** राजमहल उत्तर वाहिनी गंगा तट पर गुदाराघाट मुक्तिधाम ( श्मशानघाट) के सौंदर्यीकरण को लेकर नगर पंचायत कार्यालय के माध्यम से जल्द डीपीआर तैयार करें। उपरोक्त बातें राजमहल विधायक एमटी राजा जी ने मुक्तिधाम निरीक्षण के दौरान नगर पंचायत के प्रशासक को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कही।. मुक्तिधाम में फैली गंदगी एवं मौजूद लोगों को हो रही परेशानी को देख चिंता व्यक्त करते हुए विधायक एमटी राजा जी ने नगर पंचायत प्रशासक स्मिता किरण एवं पूरी टीम के साथ मुक्तिधाम का निरीक्षण किए। उन्होंने निर्देश दिया कि तत्काल साफ सफाई की व्यवस्था को सुनिश्चित करते हुए लाइट एवं बैठने की व्यवस्था कराई जाए क्योंकि यहां स्थानीय सहित संथाल परगना के विभिन्न जिला से अंतिम संस्कार के लिए लोग राजमहल शमशान घाट पहुंचते हैं।उन्होंने कहा कि नगर पंचायत कार्यालय के माध्यम से नए तरीके से घाट का सौंदर्यीकरण करने के लिए डीपीआर तैयार करें।वहीं स्थानीय लोगों ने विधायक जी से विद्युतीकरण शव दाह गृह निर्माण करने की भी मांग की।उन्होंने इस दिशा में भी पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। **नगर पंचायत कार्यालय का किया निरीक्षण**राजमहल विधायक एमटी राजा जी ने नगर पंचायत कार्यालय का मंगलवार को निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि शहर की साफ सफाई एवं पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था पर विशेष ध्यान दें साथ ही पानी की टैंकर एवं अन्य संसाधन की भी उचित व्यवस्था करें। उन्होंने कहा कि नागरिक सुविधा का लाभ क्षेत्र के लोगों को मिले इसे कार्यालय की ओर से सुनिश्चित करें।नगर पंचायत प्रशंसक स्मिता किरण ने पौधा भेंट कर विधायक का स्वागत किया।

## आगलगी की घटना में एक घर जलकर राख



उधवा।राधानगर थाना क्षेत्र के उत्तरी बेगमगंज पंचायत अंतर्गत गोबरगाड़ी गांव में आगलगी की घटना में एक घर जलकर राख हो गया। घटना में हजारों रूपए का नुक़सान हुआ है।आग कैसे लगी इसकी स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पाई है।मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार दोपहर करीब 1 बजे हिरालाल मंडल के घर के ऊपर छत में टट्टी फूस बनी एक कमरा में अचानक आग लग गई।जिससे पूरा कमरा धू-धू कर जल कर राख हो गया। पीड़िता मीना देवी ने बताया कि दोपहर करीब एक बजे छत के ऊपर बने घर में अचानक आग लग गई।जिससे घर में रखे लगभग 10 क्विंटल पटसन कीमत करीब 50 हजार रुपए, 2 साईकिल, एक स्टैंड पंखा, अनाज, बर्तन कपड़े सहित अन्य जरूरी कीमती सामान जलकर राख हो गया।हालांकि ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया जा सका है। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से उचित मुआवजा देने की मांग किया है।

## उपायुक्त ने आम जनों की सुनी समस्याएं



साहिबगंज। अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता दरबार में उपायुक्त ने आम जनों की समस्याएं सुनी। साहेबगंज जिले के विभिन्न प्रखण्ड से आये आम जनों से सीधा संवाद कर समस्याओं को डीसी ने सुना । शिकायतों को दूरकरने के लिए उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियो को निर्देश दिया।

## बेटी ने निभाई बेटे का फर्ज

**संताल एक्सप्रेस साहिबगंज** बेटी और बेटा में कोई फर्क नहीं होता है बिटियां अब हर क्षेत्र में बेटों की बराबरी कर रही है जो सदियों से केवल बेटों द्वारा निभाने की परंपरा चली आ रही है उसमें भी अब बिटियां अपना फर्ज निभा रही है ऐसा ही उदाहरण पेश किया है।एक बिटियां जो अपनी मां को सदर अस्पताल के परिसर में स्ट्रक्चर पर रखी 41 वर्षीया महिला कुसमी देवी को सूर्य की कड़ी धूप की छांव लगने से बचा रही है। मां से बढ़कर दुनिया में कुछ भी नहीं.मामला साहिबगंज जिले के करमपुरातो निवासी योगल शाह के 41 वर्षीयां पत्नी कुसमी देवी को सोमवार की शाम गर्भवती महिला को जिले के बड़े सदर अस्पताल में भर्ती कराया। वही मंगलवार को मृत शिशु को जन्म दि बताया जा रहा है। गर्भवती महिला कुसमी देवी की (यूरिनरी ब्लैडर ) फट जाने से गर्भवती महिला को सदर अस्पताल में उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया।परिजनों ने अस्पताल परिसर में एंबुलेंस के इंतजार में आधे घंटे तक सूर्य की धूप से बेचैन होती रही बच्ची ने मां को बेचैनी देख कर अपनी सौल से घेर कर धूप से बचती रही बच्ची ने बताई की हमारा एक भी भाई नहीं है। हम लोग तीन बहन है। बड़ी बहन लक्ष्मी कुमारी,यशोमती कुमारी, व पार्वती कुमारी है।यशोमती कुमारी कक्षा 5 में पड़ती है। मां के इलाज के लिए सदर अस्पताल आई थी।और बच्ची मां की बेचैनी देखकर ईश्वर से प्रार्थना कर रही है मां को जल्दी स्वास्थ्य कर दे

## 16 वैश्य जातियों को केंद्र सरकार की ओबीसी की सूची में शामिल किया गया




**साहिबगंज।** भारतीय वैश्य महासभा, जिला साहिबगंज के तत्वावधान में एल. सी. रोड स्थित जिला कार्यालय में जिला समिति की बैठक मैं प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष डॉ विनोद कुमार साह ने की। इस अवसर पर संवाददाताओं को संबोधित करते हुए महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष सह जिला प्रभारी अरविंद कुमार गुप्ता ने कहा कि आज बड़े ही हर्ष की बात है कि केंद्र सरकार के द्वारा 16 वैश्य जातियों को केंद्र सरकार की ओबीसी की सूची में शामिल कर लिया गया है। ध्यातव्य हो कि झारखंड सरकार ने 16 वैश्य जातियां यथा जायसवाल, कमलापुरी वैश्य, जासवार, मोदी, मैयरा, पटवा, माहुरी वैश्य, अवध बनिया, बंगी वैश्य, बंगाली बनिया, वर्णवाल, अग्रहरी वैश्य, पोद्दार, कसोधन, गंधवणिक एवं ऊमर वैश्य बनिया जाति को केंद्रीय ओबीसी सूची में शामिल करने के लिए केंद्र सरकार को प्रस्तावित किया था. झारखंड राज्य सरकार के द्वारा भेजे गए प्रस्ताव पर केंद्र सरकार ने अपनी मोहर लगा दी, अब इन सोलह वैश्य जातियों को केंद्र सरकार की नियुक्तियों में ओबीसी का आरक्षण का लाभ प्राप्त हो सकेगा. इस खुशी के अवसर पर वैश्य समाज के उपस्थित सभी सदस्यों ने झारखंड सरकार के साथ-साथ केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया एवं धन्यवाद ज्ञापित किया. बैठक में जिला उपाध्यक्ष डॉ विनोद कुमार साह, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अनुराग राहुल, जिला महासचिव रविंद्र प्रसाद साह, जिला सचिव संजीव कुमार गुप्ता, श्रवण कुमार मोदी, संतोष कुमार मोदी, अभिषेक कुमार, संजीत कुमार साह, दीपक कुमार गुप्ता सहित वैश्य समाज के कई सदस्यगण उपस्थित थे.

## 19 खो खो प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये जिले से 02 खिलाड़ी रवाना





**साहिबगंज।** स्कूल फेडरेशन ऑफ इंडिया एवम दिल्ली सरकार ने आगामी 25 से 30 दिसम्बर को दिल्ली शहर में आयोजित 68वीं राष्ट्रीय विद्यालय अंडर 19 खो - खो प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए नंदनी कुमारी एवम दुर्गेश कुमार (+2 उच्च विद्यालय,कोदरजन्ना) का चयन झारखंड टीम में किया गया है। 02 से 22 दिसम्बर तक रांची में आयोजित विशेष कैंप में भाग लेने के लिए दोनों खिलाड़ी रांची रवाना हुए । नंदनी कुमारी और दुर्गेश कुमार झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, रांची द्वारा नवंबर माह में रांची में संपन्न खेलो झारखंड राज्य स्तरीय खो खो प्रतियोगिता में सराहनीय प्रदर्शन कर झारखंड टीम में स्थान बनाने में सफल रहे। जिला खेल पदाधिकारी पंकज कुमार झा,जिला शिक्षा पदाधिकारी दुर्गा नंद झा, जिला ओलम्पिक संघ के राजेश यादव, माधव चंद्र घोष, कल्याण श्रीवास्तव, संतोष उर्फ टिंकू,खेल विभाग के प्रशिक्षक योगेश यादव,अशोक साहनी, प्रकाश सिंह बादल,निमाई चौधरी,खेल शिक्षक बिरेंद्र कुमार,आदित्य कुमार, बमबम कुमार प्रभारी प्रधानाध्यापिका वंदना कुमारी,सोने लाल,आलोक कुमार,चंदन कुमार, प्रणव शर्मा, तोहिद आलम, महफूज सुभाषित कुमार, संतोष कुमार समेत जिले वासियों ने बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभ कामना दी ।

## जर्जर सड़क को लेकर नागरिक मंच ने डीसी को ज्ञापन सौंपा

**साहिबगंज।** साहिबगंज नगर के जर्जर सड़कों की हालात को सुधारने को लेकर नागरिक मंच के सचिव जनार्दन प्रसाद शाह के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल अधिवक्ता ललित स्वदेशी , कुलेनदु प्रसाद ,मानव कुमार पासवान, सुजीत मंडल, भानु प्रताप शिल, कृष्णा नंद महावर एवं विनय कुमार वर्मा उपायुक्त महोदय साहिबगंज से मिलकर ज्ञापन सौंपा। वही सिस्ट मंडली ने वार्ता किया , और बताया की नेशनल हाईवे 80 के अधिकारी से शहर के जर्जरसड़कों के बाबत दूरभाष पर बातचीत किए। नेशनल हाईवे के अधिकारी ने कहा कि जब तक शहर में जल आपूर्ति हेतु पाइप लाइन का कनेक्शन नहीं हो जाता है। तब तक सड़क नहीं बन सकता है। इस प्रक्रिया में लगभग 1 साल लग जाएगा। तब सिस्ठ मंडली ने निवेदन किया कि घोडमारा पुल से बघवा कुइया तक एवं पटेल चौक से सुभाष चौक तक सड़कों पर प्रत्येक दिन पानी का छिड़काव किया जाए ।ताकि आने जाने वाले राहगीरों को धूल की सामना न करना पड़े ।इस बात पर उपायुक्त महोदय ने नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को दूरभाष पर निर्देश दिए कि प्रत्येक दिन उक्त मार्ग पर जल का छिड़काव करें।

## सड़क दुर्घटना में एक मौत

साहिबगंज जिले के बोरियो थाना क्षेत्र अंतर्गत सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति घायल हो गया। घायल व्यक्ति को पुलिस ने सदर अस्पताल लाया जहाँ इलाज के दौरान मौत हो गई, बताया जा रहा है कि बोरियों थाना क्षेत्र अंतर्गत दुर्गा टोली निवासी सिद्धू हांसदा के पुत्र हरि हांसदा उर्फ रवी हंसदा 45वर्ष।अपने घर दुर्गा टोली से सोमवार को बाइक में सवार होकर बांझि हाट गया हुआ था।सड़क के किनारे घायल अवस्था गिर पड़ा था। पुलिस को सूचना मिलते ही मंगलवार के सुबह इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. मौत के बाद परिजनों को रो-रो कर बुरा हाल है। इधर पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है 7


## विधानसभा निर्वाचन, 2024
## वाहन कोषांग, दुमका

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा वाहन स्वामियों को सूचित किया जाता है कि विधानसभा निर्वाचन, 2024 के सफल क्रियान्वयन हेतु जिनके वाहन का अधिग्रहण किया गया था और वाहन उपयोग के उपरांत चुनाव समाप्ति के पश्चात् जिनके द्वारा अपने वाहन का लॉगबुक/बैंक खाता की छायाप्रति अभी तक वाहन कोषांग में जमा नहीं किया गया है यथाशीघ्र लॉगबुक/बैंक खाता की छायाप्रति वाहन कोषांग में जमा करने की कृपा की जाय।

इसे अंतिम स्मार समझा जाय।

ह०/–
नोडल पदाधिकारी, वाहन कोषांग
–सह–
जिला परिवहन पदाधिकारी, दुमका

PR 341089 Election(24-25).D



## जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी, दुमका

विज्ञापन संख्या–01/2024/AYUSH दिनांक–08.02.2024

**साक्षात्कार सूचना**

उपायुक्त – सह – अध्यक्ष जिला आयुष समिति, दुमका के निदेशानुसार जिला कार्यक्रम प्रबंधक(DPM)की संविदा/अनुबंध आधारित नियुक्ति हेतु प्राप्त अभ्यावेदन के स्क्रूटनी के आधार पर 4(चार)अभ्यार्थियों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जाता है, जो निम्न है।

| क्र०स० | स्कूटनी क्रमांक | अभ्यर्थी का नाम | पिता /पति का नाम |
|---|---|---|---|
| 1. | 1. | सोनी मुर्मू | सबीनाथ मुर्मू |
| 2. | 2. | जयंता कुमार | जयन्त कुमार माजि |
| 3. | 3. | इन्दिरा कुमारी | बदशाह मंडल |
| 4. | 4. | डॉ० सुबोध कुमार सिंह | राजा राम सिंह |

साक्षात्कार का स्थान – परियोजना निदेशक आई० टी० डी० ए० कार्यालय, दुमका के साभागार कक्ष ।
**तिथि–06.12.2024** समय **12PM बजे अपराह्न** में ।
विशेश जानकारी **NIC** दुमका के **Website-** https://dumka.nic.in पर देखा जा सकता है।
साक्षात्कार के लिए आमंत्रित अभ्यार्थियों के लिए निदेश–

1. अभ्यार्थी आवेदन के समय भेजे गए प्रमाण पत्र /अमिलेखों की मूल प्रति तथा एक – एक प्रति स्व अभिप्रमाणित प्रति के साथ उपस्थित होगें ।
2. अभ्यार्थी साक्षात्कार के समय वैधानिक प्रोटोकॉल का अनुपालन करेगें।

जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी
दुमका

PR 341100 (Health Med Edu and Family Welfare) 24-25 (D)



## ॥ कार्यालय, जिला परिषद्, दुमका ॥

E-mail- z.pdumka2014@gmail.com

अति अल्पकालीन ई०–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– ZP-DUM-29/2024

**कार्य का नाम :–** दुमका जिलान्तर्गत विभिन्न प्रखंडों में डी०एम०एफ०टी० मद अन्तर्गत योजनाओं की निविदा की सूची।

| क्र० | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्रा० राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रानेश्वर | प्रखंड–रानेश्वर, पंचायत–कुमीरदाहा के ग्राम–रांगामटिया के जोरिया में पुल निर्माण। | 9990000.00 | 199800.00 | 10000.00 | 06 माह | |

| | | |
|---|---|---|
| 2. | वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि | दिनांक 09.12.2024 |
| 3. | ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 19.12.2024 (अपराह्न 3:00 बजे तक)। |
| 4. | निविदा खुलने की तिथि एवं समय | दिनांक 23.12.2024 (समय 2:00 बजे अपराह्न) |
| 5. | निविदा खोलने का स्थान | जिला परिषद् कार्यालय, दुमका। |
| 6. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | ई० उदय कुमार सिंह, जिला अभियंता, जिला परिषद् दुमका। |
| 7. | ई–निविदा प्रकोष्ठ का मोबाईल नंबर | 9431396243 |
| 8. | निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल ऑन–लाईन मोड द्वारा ही स्वीकार्य होगा। | |
| 9. | निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई0–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो सारी जवाबदेही आपकी होगी। | |

**नोट :– उक्त निविदा में जिला परिषद् एवं झारखण्ड सरकार ग्रामीण कार्य विभाग (REO) के निबंधित संवेदक ही भाग ले सकते हैं।**
**निविदा द्वि–लिफाफा पद्धति के माध्यम से किया जायेगा।**
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

ई० उदय कुमार सिंह
जिला अभियंता,
जिला परिषद्, दुमका

PR 341077 District (24-25)_D



## दुमका समाहरणालय, (जिला भू–अर्जन शाखा)

–:अधिघोषणा:–
(अधिनियम–30/2013 की धारा–19(1) के अधीन)
संख्या–1325/जि०भू०अ० दुमका, दिनांक–09.10.2024

चूँकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतित होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा परियोजना गर्डी से सरडीहा पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण परियोजना हेतु ग्राम–रामपुर, थाना–जरमुण्डी, थाना संख्या–23, अंचल–जरमुण्डी, जिला–दुमका में कुल–0.425 एकड़ यानि 0.172 हेक्टेयर भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक माप से कमोवेश 0.425 एकड़ यानि 0.172 हेक्टेयर है और जो ग्राम–रामपुर, थाना–जरमुण्डी, थाना संख्या–23, अंचल–जरमुण्डी, जिला–दुमका में है, जिसका विवरण निम्नलिखित है :–

| क्र. स. | खाता सं० | सर्वे भूखंड सं० | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उत्तर | दक्षिण | पूरब | पश्चिम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1. | 18 | 30 | ज0 रै0 | वाड़ी दो | 0.02 | मकु मराण्डी पति– चँदन हाँसदा वो मताल हाँसदा पिता–स्व0 लोविन हाँसदा वो सुकूरमुनी मुर्मू पति–स्व0 वुधन हाँसदा। | रास्ता | 217 | 217 | 217 |
| 2. | 18 | 16 | ज0 रै0 | वाड़ी एक | 0.025 | | रास्ता | 19 | 19 | 15 |
| 3. | 18 | 19 | ज0 रै0 | वाड़ी एक | 0.02 | गोविन हाँसदा वो नुनवा हाँसदा पिता–स्व0 प्रधान हाँसदा वो चुड़की हेम्ब्रम पति–स्व0 बबुआ हाँसदा वो सोनालाल हाँसदा पिता–स्व0 छुटु हाँसदा। | रास्ता | 20 | 20 | 16 |
| 4. | 7 | 23 | ज0 रै0 | वाड़ी एक | 0.015 | चेड़े हाँसदा वो किषुन हाँसदा वो जीतु हाँसदा पिता खुदु हाँसदा। | रास्ता | 25 | 24 | 20 |
| 5. | 6 | 20 | ज0 रै0 | वाड़ी एक | 0.045 | मनोदी सोरेन पति–स्व0 बाबुराम हेम्ब्रम वो श्यामलाल हेम्ब्रम पिता–स्व0 छोटो हेम्ब्रम वो सुकुमुनी मुर्मू पति– मुंडा हेम्ब्रम वो सोनालाल हेम्ब्रम वो बाबूषल हेम्ब्रम पिता–स्व0 दुखन हेम्ब्रम वो रामेषल हेम्ब्रम पिता–स्व0 सुखु हेम्ब्रम वो सोना मुर्मू पति–स्व0 लाल हेम्ब्रम। | रास्ता | 23 | 23 | 19 |
| 6. | 6 | 8 | ज0 रै0 | वाड़ी दो | 0.03 | | रास्ता | 7 | 70 | रास्ता |
| 7. | 9 | 15 | ज0 रै0 | वाड़ी दो | 0.04 | दुरगा पांडा पिता असरफी पांडा। | रास्ता | 14 | 16 | 12 |
| 8. | 11 | 12 | ज0 रै0 | वाड़ी एक | 0.115 | शिवचरण हाँसदा वो बाबूराम हाँसदा वो प्रेम हाँसदा पिता–स्व0 वुदय हाँसदा वो तुलन हाँसदा वो सोम हाँसदा वो सोनालाल हाँसदा पिता–स्व0 वालु हाँसदा वो सुषीला टुडू पति–स्व0 सुखू हाँसदा वो लुखीराम हाँसदा पिता– मंगल हाँसदा। | रास्ता | रास्ता | 15 | रास्ता |
| 9. | 12 | 9 | ज0 रै0 | वाड़ी दो | 0.02 | मुनी मुर्मू पति–स्व0 सरकार हाँसदा वो सोकोल हाँसदा पिता–स्व0 कंदना हाँसदा वो सती मुर्मू पति–स्व0 रासिक हाँसदा वो छोटका हाँसदा वो गोपाल हाँसदा पिता–स्व0 पंडा हाँसदा वो दिनेष हाँसदा पिता–स्व0 रेंकटा हाँसदा। | रास्ता | 10 | 10 | रास्ता |
| 10. | 12 | 1 | ज0 रै0 | वाड़ी दो | 0.035 | | सीवाना | रास्ता | रास्ता | 2 |
| 11. | 15 | 7 | ज0 रै0 | वाड़ी दो | 0.015 | दिलीप किस्कु वो बबुआ किस्कु वो मंगल किस्कु वो सोमलाल किस्कु वो बुधलाल किस्कु पिता– लवा किस्कु। | रास्ता | 6 | 8 | रास्ता |
| 12. | 16 | 2 | ज0 रै0 | वाड़ी दो | 0.005 | शांखो हाँसदा वो कोवीषल हाँसदा पिता– सुखलाल हाँसदा वो शांखो हाँसदा वो रामपुरू हाँसदा वो मोहन हाँसदा वो सुखलाल हाँसदा पिता– गोपाल हाँसदा। | सीवाना | रास्ता | 1 | 3 |
| 13. | 2 | 4 | ज0 रै0 | वाड़ी दो | 0.04 | मीरू हाँसदा वो प्रकाष हाँसदा पिता–स्व0 सानु हाँसदा वो डुनूय हाँसदा पिता–स्व0 कोंकाडोबे हाँसदा। | सीवाना | रास्ता | रास्ता | सीवाना |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0–30/2013 की धारा–15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जाँच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किये गये है, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत् है।

ग्राम–........X......, थाना–........X......, थाना सं0–........X......, अंचल–........X......, जिला–........X......, रकवा–........X......एकड़ जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, दुमका के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

ह0/–
उपायुक्त,दुमका

PR 341084 (Land Reforms)24-25*D



## पूर्व रेलवे

**ठिका खोबोर सं.: ईएल-67-24, माहित 02.12.2024,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य), पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 होतेते नामडाक ठिकादारको जाहांय ठेन वैध विद्युत ठिकादार रेयाक् लाइसेंस मेनाक्आ आर नोवाको कामी पुराउ रे काउडी रूप रे दाड़े मेनाक्कोआ, ठेन खोन ई-ठिका नेवतायेत् कानाः **कामी रेयाक् ञुतुम आर नोआ रेयाक् जायगाः** (क) आसनसोल मंडल-बीआरआर, एसटीएन, एमएमयू, केएमएमई रेयाक् प्लेटफॉर्म रे पाइपलाइनको, सोंगे तेयाक् कामीको आरसीसी ओएच टैंकको सांवते बाड़िच् बाड़ावाकान टैंकको बोदोल एमान। (ख) आसनसोल मंडल-आसनसोल मंडल तारी रे एएसएन, पीएएन, पीएडब्ल्यू, केपीके, डीजीआर, टीओपी रेयाक् प्लेटफॉर्म रे पाइपलाइनको, सोंगे तेयाक् कामी सांवते आरसीसी ओएच टैंकको सांवते बाड़िच् बाड़ावाकान टैंकको बोदोल एमान। **ठिका रेयाक् पूंजीः** रु. 1,26,96,637.95, **ठिका कागोच रेयाक् गोनोमः शून्य।** बायना पायसाः रु. 2,13,500/-, **कामी पुराउ रेयाक् सोमोयः** 09 चान्दो। **बोंदोक् आर झिजुक् रेयाक् तारीक आर सोमोयः** माहित 27.12.2024 हिलोक् 11.00 बजे। पुराउ बिवरोन दो रेलवे रेयाक् वेबसाइटः www.ireps.gov.in रे ञेल दाड़ेयाक्आ।

ASN-253/2024-25

ठिका खोबोर दो वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in रे हों बेबोसता आकान मेनाक्आ।

नोंडे पांजालेपेः @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


## निरंतर मजबूत हो रही है भारतीय नौसेना

प्रतिवर्ष 4 दिसम्बर को भारतीय नौसेना के जांबाजों को याद करते हुए 'भारतीय नौसेना दिवस' मनाया जाता है। यह दिवस 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में भारतीय नौसेना की शानदार जीत के जश्न के रूप में मनाया जाता है। दरअसल 3 दिसम्बर 1971 को पाकिस्तानी सेना ने हमारे हवाई और सीमावर्ती क्षेत्र में हमला कर दिया था। दुष्ट पाकिस्तान को उस हमले का मुहतोड़ जवाब देने के लिए पाकिस्तानी नौसेना के कराची स्थित मुख्यालय को निशाने पर लेकर 'ऑपरेशन ट्राइडेंट' चलाया गया था और भारतीय नौसेना की मिसाइल नाव तथा दो युद्धपोतों के आक्रमणकारी समूह ने कराची के तट पर जहाजों के समूह पर हमला कर दिया था। हमले में पाकिस्तान के कई जहाज और ऑयल टैंकर तबाह कर दिए गए थे।

भारतीय नौसेना का वह हमला इतना आक्रामक था कि कराची बंदरगाह पूरी तरह बर्बाद हो गया था और कराची तेल डिपो पूरे सात दिनों तक धू-धूकर जलता रहा था। तेल टैंकरों में लगी आग की लपटों को 60 किलोमीटर दूर से भी देखा जा सकता था। उस हमले में कराची हार्बर फ्यूल स्टोरेज तबाह होने के कारण पाकिस्तानी नौसेना की कमर टूट गई थी। भारतीय नौसेना द्वारा किए गए हमले में तीन विद्युत क्लास मिसाइल बोट, दो एंटी-सबमरीन और एक टैंकर शामिल थे और युद्ध में भारतीय नौसेना ने पहली बार जहाज पर मार करने वाली एंटी शिप मिसाइल से हमला किया था। ऑपरेशन ट्राइडेंट की सफलता के बाद भारत-पाकिस्तान युद्ध में जीत हासिल करने वाली भारतीय नौसेना की शक्ति और बहादुरी को सलाम करने के लिए 4 दिसम्बर को भारतीय नौसेना दिवस मनाने की शुरूआत हुई। नौसेना दिवस हर साल एक खास थीम के साथ मनाया जाता है और 2024 के नौसेना दिवस का विषय है 'नवाचार और स्वदेशीकरण के माध्यम से शक्ति और शक्ति'।

नौसेना दिवस समारोह में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की योजना विशाखापट्टनम स्थित भारतीय नौसेना कमान द्वारा तैयार की जाती है। समारोह की शुरुआत युद्ध स्मारक पर पुष्प अर्पित करके की जाती है, उसके बाद नौसेना की पनडुब्बियों, जहाजों, विमानों आदि की ताकत और कौशल का प्रदर्शन किया जाता है। नौसेना के मुंबई स्थित मुख्यालय में इस अवसर पर नौसैनिक अपने शौर्य का प्रदर्शन करते हैं और गेटवे ऑफ इंडिया बीटिंग रीट्रिट सेरेमनी का आयोजन किया जाता है। भारतीय नौसेना मुख्य रुप से तीन भागों (वेस्टर्न नेवल कमांड, ईस्टर्न नेवल कमांड तथा दक्षिणी नेवल कमांड) में बंटी है। वेस्टर्न नेवल कमांड का मुख्यालय मुंबई में, ईस्टर्न नेवल कमांड का विशाखापत्तनम में और दक्षिणी नेवल कमांड का कोच्चि में है। वेस्टर्न तथा ईस्टर्न कमांड ऑपरेशनल कमांड है, जो अरब सागर और बंगाल की खाड़ी को संभालती है जबकि दक्षिणी नेवल कमांड ट्रेनिंग कमांड है। केरल स्थित एझिमाला नौसेना अकादमी एशिया की सबसे बड़ी नौसेना अकादमी है। भारत के राष्ट्रपति भारतीय नौसेना के सुप्रीम कमांडर हैं। वॉइस एडमिरल राम दास कटारी 22 अप्रैल 1958 को भारतीय वायुसेना के पहले भारतीय चीफ बने थे। भारतीय नौसेना का नीति वाक्य है 'शं नो वरूणः' अर्थात् जल के देवता वरूण हमारे लिए मंगलकारी रहें।

# टीएमसी, सपा व आम आदमी पार्टी इंडिया गठबंधन से किनारा करना चाहती है ?



**अशोक भाटिया**

सोमवार को संसद की कार्यवाही शुरू होने से पहले इंडिया गठबंधन के नेताओं की एक बैठक राज्य सभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के कमरे में हुई, जिसमें लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी पहुंचे। हालांकि उस बैठक में तृणमूल कांग्रेस के सांसद नदारद रहे। इसकी आशंका पिछले शुक्रवार को ही हो गयी थी, जब चार दिन तक अडानी प्रकरण को लेकर संसद संसद का कामकाज बाधित रहा। टीएमसी सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस को पहले ही पार्टी ने अपने रुख से अवगत करा दिया था।इस प्रकरण से कहा जा सकता है कि लोकसभा चुनाव में मोदी सरकार को सत्ता से बाहर करने के इरादे से बनाए गए इंडिया गठबंधन में बिखराव देखने मिल रहा है। संसद के शीतकालीन सत्र के लिए कई मुद्दों को लेकर विपक्षी गठबंधन में आपसी सहमति नहीं बन पा रही है। एक तरफ जहां कांग्रेस चाहती है कि गौतम अडानी और ईवीएम के मुद्दे को सदन में उठाया जाए तो वहीं कई दल चाहते हैं कि ऐसे मुद्दों को सदन में उछाला जाए, जिसका जनता से सीधा सरोकार हो।सूत्रों ने कहा कि जब केवल कॉरपोरेट को लाभ होता है और चुनावी प्रक्रिया में खामियां हैं और विकल्पों को नकार दिया जाता है, तो यह लोगों का मुद्दा कैसे नहीं हो सकता है। इस बैठक में इंडिया ब्लॉक के संस्थापक सदस्य तृणमूल कांग्रेस ने हिस्सा न लेना ही एक बड़ा मुद्दा बन गया है । तीसरी बार बैठक में भाग न लेने वाली पार्टी का कहना है कि यह स्पष्ट हैं कि हम लोगों के मुद्दों पर मोदी सरकार से भिड़ना चाहते हैं।टीएमसी के मुताबिक, क्रोनी कैपिटलिज्म और ईवीएम जैसे मुद्दे लोगों को पसंद नहीं आते। पार्टी ने सवाल करते हुए कहा, ÷उन इलाकों को देखिए जहां राहुल गांधी ने प्रचार किया है। अगर उन्होंने जो कहा वह लोगों के लिए मायने रखता तो कांग्रेस क्यों हारी?÷

वहीं, टीएमसी, समाजवादी पार्टी (एसपी) और आम आदमी पार्टी (आप) जैसे सहयोगी दल कांग्रेस के ईवीएम और क्रोनी कैपिटलिज्म के प्रति ÷जुनून÷ को लेकर उत्साहित नहीं हैं। जबकि कांग्रेस ने 'भारत जोड़ो' की तर्ज पर 'ईवीएम जगाओ यात्रा' की योजना बनाई है और इंडिया ब्लॉक पार्टियों को इसमें शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है, उनमें से अधिकांश ने बहुत कम रुचि दिखाई है। कुछ लोगों ने यह भी पूछा कि क्या यह यात्रा उन राज्यों से होकर गुजरेगी जहां कांग्रेस ने चुनाव जीता है। बता दें कि दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने बड़ा ऐलान किया है। अरविंद केजरीवाल ने बीते रविवार को राष्ट्रीय राजधानी में 2025 के विधानसभा चुनावों के लिए कांग्रेस के साथ किसी भी गठबंधन से इनकार किया है।

टीएमसी का साफ कहना है कि उनकी पार्टी के सांसद जनता से जुड़े मुद्दों को लेकर मोदी सरकार से भिड़ना चाहते हैं जिनमें- महंगाई, बेरोजगारी, किसान, उर्वरक और मणिपुर हिंसा जैसे मुद्दे शामिल हैं। इसके साथ ही सपा चाहती है कि इन मुद्दों के साथ-साथ संभल हिंसा को भी जोड़ दिया जाए। सपा सांसद धर्मेंद्र यादव ने कहा भी कि हमारे लिए अडानी से बड़ा मुद्दा किसान हैं और संभल हिंसा है। इंडिया गठबंधन ब्लॉक में विभाजन के पीछे असली राजनीति भी छिपी है। उदाहरण के लिए, दिल्ली में यह स्पष्ट है कि आप और कांग्रेस सहयोगी नहीं होंगे। बंगाल में टीएमसी और कांग्रेस कभी एक दूसरे से सहमत नहीं हो सकते। यूपी में अखिलेश यादव ने कहा है कि कांग्रेस खत्म हो चुकी है। दरअसल गठबंधन में शामिल दलों के अपने अलग-अलग मुद्दे हैं, लेकिन कांग्रेस सिर्फ अडानी प्रकरण पर प्रधानमंत्री को घेरने की कोशिश में लगी है। अन्य दलों को अब लग रहा है कि वे अपने मुद्दे को कांग्रेस के कारण सदन में नहीं उठा रहे हैं। सपा अपना फोकस यूपी पर करना चाहती है, लेकिन सदन नहीं चलने के कारण संभल सहित प्रश्न पत्र लीक प्रकरण को वह अब तक नहीं उठा पायी है। राजद भी बिहार से संबंधित कई मुद्दों को संसद में उठाना चाह रहा है। यही हाल डीएमके का भी बताया जा रहा है। सबसे ज्यादा समस्या उन सांसदों के सामने है, जो अब तक अपना मेडन स्पीच भी संसद में नहीं दे पाये है। पहली बार चुनकर आये कई सांसदों ने अपने-अपने दल के नेताओं से अपनी पीड़ा व्यक्त की है। कांग्रेस के कई सांसद भी यह मानने लगे हैं कि संसद न चलने का ज्यादा नुकसान उन्हें ही हो रहा है। सरकार को कटघरे में खड़ा करने का समय उनके हाथ से निकल रहा है।क्योंकि सरकार से कोई सवाल नहीं पूछा जा रहा है और सरकार आंकड़ों में हेर-फेर कर सदन के बाहर देश को गुमराह कर रही है। जबकि संसद में सरकार की ओर से कोई आंकड़ा दिया जाता है, तो सरकार को उसके लिए उत्तरदायी ठहराया जाता है। सोमवार को जब लोकसभा अध्यक्ष की ओर से सर्वदलीय बैठक बुलायी गयी, तो संविधान पर चर्चा भाग न लेने का विकल्प विपक्ष के पास नहीं था। कांग्रेस लोगों के बीच यह संदेश नहीं देना चाहती कि संविधान की रट लगाने वाले पार्टी संविधान पर होने वाली चर्चा में भाग लेने से पीछे हट रही है। यही कारण रहा कि संविधान पर चर्चा को लेकर सभी दलों ने हामी भरी, लेकिन संसद के सुचारू संचालन में अभी कई बाधाएं है, जिसे दूर करने की जरूरत होगी। कुछ कांग्रेस सांसद तो अब यहां तक कहने लगे है कि प्रियंका गांधी के लोकसभा में आने से रणनीति में कुछ बदलाव देखने को मिल सकता है। उनके मुताबिक प्रियंका ज्यादा प्रैक्टिकल हैं, वे वायनाड में भी जनता के ही मुद्दों पर फोकस कर रही थीं, ऐसे में यहां भी उनकी प्राथमिकता ऐसी ही देखने को मिल सकती है। अब समझने वाली बात यह है कि कांग्रेस के कई सांसदों में रोष है, लेकिन राहुल गांधी के खिलाफ जाने की हिम्मत किसी में नहीं।यह बात अब जगजाहिर हो चुकी है कि राहुल गांधी के लिए अडानी मुद्दा सबसे ज्यादा प्रिय है, वे इसी के सहारे चुनावों में उतरते हैं और सीधे पीएम मोदी को निशाने पर लेते हैं। संसद में भी वे सिर्फ इसी मुद्दे के दम पर केंद्र को पूरी तरह आइसोलेट करना चाहते हैं। लेकिन अब जब सदन कई दिनों से नहीं चल पा रहा है, कांग्रेस के ही सांसद मानने लगे हैं कि इस तरह से संसद को बाधित रखना ठीक नहीं। ऐसी स्थिति में सरकार की जवाबदेही तय करना और ज्यादा मुश्किल हो जाएगा।उधर महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की बुरी हार के बाद टीएमसी ने उसके नेतृत्व पर ही सवाल उठाने शुरू कर दिए है। तृणमूल कांग्रेस ने बंगाल के सभी 6 विधानसभा उपचुनावों में जीत हासिल की है वहीं महाराष्ट्र में कांग्रेस की हार को लेकर ढ्ढह्ष्ठढ्ढ अलायंस के नेतृत्व परिवर्तन की मांग भी उठा दी है। पार्टी के सीनियर लीडर और सांसद कल्याण बनर्जी ने कहा है कि कांग्रेस को अहंकार अपना किनारे रखना चाहिए और ममता बनर्जी को ढ्ढह्ष्ठढ्ढ ब्लॉक का लीडर घोषित किया जाए। उन्होंने कहा कि गठबंधन को एक मजबूत और निर्णायक नेतृत्व की जरूरत है।

टीएमसी सांसद ने दावा किया कि ममता बनर्जी के पास मजबूत नेतृत्व है। साथ ही, उनके जमीनी स्तर से जुड़ाव ने उन्हें विपक्षी गठबंधन के लिए सबसे कारगर व्यक्ति बना दिया है। रक्तदान शिविर में बोलते हुए कल्याण बनर्जी ने कहा,

कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों को हाल के चुनावों में मिली विफलता को स्वीकार करना होगा। अब व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं पर एकता को प्राथमिकता देने की जरूरत है। उन्हें अपना अहंकार छोड़ देना चाहिए और ममता बनर्जी को इंडिया गुट के नेता के रूप में स्वीकार करना होगा। तृणमूल सांसद कल्याण बनर्जी ने मुख्यमंत्री ममता के भाजपा से लड़ने के ट्रैक रिकॉर्ड का जिक्र किया। उन्होंने ममता बनर्जी को सिद्ध नेता बताते हुए कहा, वह पूरे देश में एक लड़ाकू के रूप में पहचानी जाती हैं। उनका नेतृत्व और जनता से जुड़ने की क्षमता उन्हें आदर्श चेहरा बनाती है। इसलिए एकजुट और व्यावहारिक दृष्टिकोण के बिना विपक्ष के प्रयास लड़खड़ाते रहेंगे।

# पाकुड़ की खबरें

## मारपीट, गाली-गालौज एवं रंगदारी मांगने को लेकर प्राथमिकी दर्ज

**अमड़ापाड़ा(पाकुड़)** अमड़ापाड़ा थाना में मंगलवार को दो अलग-अलग मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पहला मामला मारपीट कर गाली गलौज करने को लेकर दर्ज किया गया है जिसमें पचुवाड़ा रांगा केवट टोला निवासी झपड़ा राय ने गांव के ही भास्कर केवट और बबलू केवट पर मारपीट एवं गाली-गालौज करने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। झपड़ा राय के आवेदन के अनुसार भास्कर केवट और बबलू केवट ने रविवार को रांगाटोला के पास कोयला परिवहन को बंद कर दिया था। सड़क जाम की सूचना पा कर बीजीआर के नाईट गार्ड झपड़ा राय भास्कर केवट और बबलू केवट को समझाने बुझाने के लिए गया। इसी बीच भास्कर केवट और बबलू केवट ने झपड़ा राय के साथ गली गलौज करते हुए मारपीट की। वहीं दूसरी प्राथमिकी मोबाईल पर धमकी देते हुए रंगदारी मांगने को लेकर दर्ज की गई है। दर्ज प्राथमिकी में आलूबेड़ा गांव निवासी वादी रंजन मरांडी ने फोन पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ धमकी देने एवं रंगदारी मांगने का मामला दर्ज कराया है। रंजन मरांडी के लिखित आवेदन के अनुसार उसके मोबाईल पर मंगलवार को अज्ञात बदमाशों के द्वारा धमकी देते हुए 80 हजार रुपये की रंगदारी मांगी गई है। रंगदारी मांगने को लेकर रंजन मरांडी ने अज्ञात लोगों के खिलाफ कांड संख्या 74/24 धारा 308(4) दर्ज कराया है। वहीं पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अनूप रौशन भेंगरा ने बताया कि थाना में मंगलवार को दो अलग-अलग मामला दर्ज किया गया है।

## सीतपहाड़ी में कोलकाता के चिकित्सकों ने की लोगो की स्वास्थ्य जांच




**संताल एक्सप्रेस** पाकुड़। जिले के विख्यात समाजसेवी लुत्फ़ल हक के सौजन्य से हिरणपुर प्रखंड के पत्थर औद्योगिक क्षेत्र सीतपहाड़ी में कोलकाता के मशहूर चिकित्सक डा. यासिह मित्रा व डा. तितास मल्लिक के उपस्थिति में निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया ।जाँच शिविर में महिला,पुरुष,वृद्ध,बच्चों की भीड़ उमड़ पड़ी ।बारी बारी से सैकड़ों लोगों ने स्वास्थ्य जांच कराया ।वहीं दवा भी निःशुल्क उपलब्ध कराया गया।उल्लेखनीय है की समाजसेवी लुत्फ़ल हक द्वारा विगत सोमवार को मंझलाडीह गांव में निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर लगाया गया था। जिसमें दो सौ लोगों ने स्वास्थ्य जाँच कराया था।वहीं मंगलवार को लगभग ढाई सौ लोगों ने चेकअप कराया ।सभी को दवा भी उपलब्ध कराया । समाजसेवी के द्वारा हमेशा से समाजसेवा के क्षेत्र में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते रहें है।जाति और मजहब से उठकर समाजसेवा के क्षेत्र में काम करने की वजह से उन्हें समाजसेवा के क्षेत्र में दर्जनों अवार्ड देश-विदेश में मिल चुके है।उनके द्वारा प्रतिदिन ढाई सौ जरूरतमंद लोगों का भोजन पाकुड़ रेलवे स्टेशन में कराया जाता है ।कोरोना काल में ऑक्सीजन से लेकर सैकड़ों जरूरतमंदो के बीच सूखा राशन उपलब्ध कराया गया था ।कड़ाके की ठण्ड को देखते हुए प्रत्येक वर्ष कंबल और टोपी का वितरण किया जाता है। समाजसेवी ने बताया कि समाज के सभी वर्गों को मेरे द्वारा सहयोग पहुंचाने का कार्य वर्षो से की जा रही है। विपद - आपदा में भी लोगो की तकलीफों को देखते हुए सार्थक प्रयास किया जा रहा है। जो आगे भी निरन्तर जारी रहेगा।

## मुरारोई लाइन्स क्लब ने की बच्चों की निःशुल्क नेत्र जांच




**पाकुड़।** मंगलवार को ऑक्सफोर्ड ऋषि मिशन स्कूल महेशपुर में लाइन्स क्लब ऑफ मुरारई द्वारा एक निशुल्क नेत्र जांच कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप का मुख्य उद्देश्य बच्चों में आंखों की समस्याओं का समय पर पता लगाना था। नेत्र विशेषज्ञ डॉ. प्रताप वेरा, राजेश शुक्ला, संतोष चोरशिया और बाबुलाल अग्रवाल ने 120 बच्चों का बारी-बारी से नेत्र परीक्षण किया। कैंप के दौरान, दो बच्चों को निशुल्क चश्मा प्रदान करने का निर्णय लिया गया। लाइन्स क्लब की टीम ने इस कार्य को सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में निभाया और बच्चों की आंखों की देखभाल के लिए अपनी सेवाएं दीं। मौके पर स्कूल के निदेशक मनोज कुमार, शिक्षिका पिंकी गुप्ता, प्रवीण खातून, रिया मंडल, उत्तम सिंह, गुलशन बेगम, पूजा कुमारी के साथ-साथ लाइन्स क्लब के सदस्य मुकेश अग्रवाल, सुदीप्त दत्ता, सुरंजनदास गोस्वामी और अख्तरूल जमाल भी उपस्थित थे।

## बच्चों का परफॉर्मेंस टेस्ट लेकर पढ़ाई में मजबूत बनाये शिक्षक :डीसी

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**पाकुड़।** डीसी मनीष कुमार ने जिले के सभी विद्यालय के प्रधानाध्यापक के साथ बैठक की। बैठक में सभी शिक्षकों को निर्देश दिया कि बच्चों का पढ़ाई का आउटपुट दिखना चाहिए।उपायुक्त ने कहा कि मेरा प्रथम लक्ष्य शिक्षा के क्षेत्र में पाकुड़ को अग्रसर पंक्ति में लाना है। साथ ही शिक्षकों को बताया की जैक बोर्ड का मॉडल बुकलेट या दस प्रश्न बुकलेट बनाकर बच्चों को पढ़ाया जाएगा। पढ़ाई से ज्यादा महत्वपूर्ण है बच्चों का टेस्ट लेना।? जो बच्चे स्कूल में अच्छा करते हैं, उसके नाम की



सूची बनाकर शिक्षा पदाधिकारी के माध्यम से देना सुनिश्चित करें। जनवरी के प्रथम सप्ताह में इंटर स्कूल कॉम्पटीशन का आयोजन किया जाएगा। साथ ही उपायुक्त ने कहा कि कोई भी बच्चा ठंड में बिना स्वेटर के नहीं आने चाहिए। सभी आईसीटी लैब को प्रतिदिन संचालित करना है। जो भी आईसीटी लैब खराब पड़े हैं सभी को दो दिन के अंदर ठीक करवाना सुनिश्चित करें। हर प्रखंड में जो विद्यालय बेहतर परफॉर्मेंस करेगा वहां 200 सीटिंग का ऑडिटोरियम बनाया जाएगा।

सभी विद्यालयों में नोटिस बोर्ड लगाना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना से एक भी बच्चे छूटने नहीं चाहिए तथा बच्चे ड्रॉपआउट न हो इसका का भी विशेष ख्याल रखा जाय।

## राजेंद्र प्रसाद की मनाई गई जयंती

पाकुड़।मंगलवार को देश के भारत के प्रथम राष्ट्रपति भारत रत्न डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद जी की 141 वीं जयंती पाकुड़ जिला कांग्रेस कार्यालय में धूमधाम से मनाई गई। कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पण कर उन्हें नमन किया। मोके पर जिला अध्यक्ष श्रीकुमार सरकार,जिला कोषाध्यक्ष असद हुसैन, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष शाहीन परवेज, जिला सचिव मिथुन मरांडी, फारमान आली,समाजसेवी अनिकुल हक सहित आदि कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे ढ्ढ

## प्रशिक्षण शिविर आयोजित

लिट्टीपाड़ा (पाकुड़)प्रखंड के +2उच्च विद्यालय लिट्टीपाड़ा में मंगलवार को सभी विद्यालय के प्रधानाध्यापकों का विद्यालय प्रबंधन समिति उन्मुखीकरण प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षक बीआरपी रोहित व इरशाद के द्वारा सभी स्कूलों के प्रधान अध्यापकों को विद्यालय प्रबंधन समिति के बारे में विस्तृत जानकारी दिया। साथ ही सभी शिक्षकों को विद्यालय प्रबंधन मैनेजमेंट कैसे करना है। विद्यालय प्रबंधन समिति का चयन करना है जिसमें कौन-कौन मेंबर होगा। कैसे चयन प्रक्रिया करना है इसकी जानकारी विस्तृत रूप से दिया गया। मौके पर बीपीओ अतीश कुमार भट्टाचार्य, बीआरपी सहित 186 विद्यालय के सचिव उपस्थित थे।

## आंगनबाड़ी केन्द्र में बच्चों के बीच किया गया स्वेटर का वितरण



